दैनिक

CIN-No-UT4999RJ2020PTC0679
UN NO-200022186

राजस्थान,दिल्ली,छत्तीसगढ़ से एकसाथ प्रकाशित

Tital Code:RAJHIN27921

# मरुधर विशेष



Marudharvishesh@gmail.com

मो.7014373732

वर्षः 01 |अंक : 238 | जयपुर | 13 अप्रैल 2023 | गुरुवार | मूल्यः रु. 5 | पृष्ठ : 04

## वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन को प्रधानमंत्री ने दिखाई हरी झण्डी

जयपुर। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए जयपुर से नई दिल्ली के लिए वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन को हरी झण्डी दिखाकर रवाना करने के अवसर पर जयपुर जंक्शन पर आयोजित समारोह में राज्यपाल कलराज मिश्र सम्मिलित हुए। जयपुर जंक्शन से वंदे भारत एक्सप्रेस को राज्यपाल कलराज मिश्र, मुख्यमंत्री अशोक गहलोत, रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने हरी झण्डी दिखाई। इस अवसर पर सांसद, विधायक सहित जनप्रतिनिधिगण एवं अधिकारीगण उपस्थित रहे। कार्यक्रम के बाद राज्यपाल मिश्र ने राजस्थान को पहली वंदे भारत ट्रेन मिलने को सराहनीय पहल बताया। उन्होंने कहा कि भारतीय रेलवे के आधुनिकीकरण की दिशा में किए जा रहे दूरगामी कार्यों के अच्छे परिणाम सामने आ रहे हैं।

## देश पर आक्रमण के खिलाफ लड़ेंगे:राहुल गांधी



पटना. बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और डिप्टी सीएम तेजस्वी यादव बुधवार को दिल्ली में कांग्रेस नेता राहुल गांधी से मिले। यह मुलाकात कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के घर पर हुई। मुलाकात के बाद नीतीश और राहुल ने मीडिया से बातचीत की। नीतीश कुमार ने कहा कि हमारी विपक्षी एकता पर बात हुई है। ज्यादा से ज्यादा पार्टियों को एक साथ लाने की कोशिश है। हमारी सकारात्मक बातचीत हुई है। राहुल गांधी ने कहा कि नीतीश की पहल बहुत अच्छी है। अपोजिशन को एक करने के लिए ऐतिहासिक कदम उठाया गया है। देश पर आक्रमण के खिलाफ लड़ेंगे। इस प्रेस कॉन्फ्रेंस में मल्लिकार्जुन खड़गे, बिहार के डिप्टी सीएम तेजस्वी यादव और कांग्रेस बिहार अध्यक्ष अखिलेश प्रसाद सिंह और जदयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष ललन सिंह मौजूद रहे। 2024 आम चुनाव से पहले हो रही इस मुलाकात के बाद कहा जा रहा है कि नीतीश कुमार यूपीए के संयोजक बनाए जा सकते हैं। नीतीश तीन दिन के दिल्ली दौरे पर हैं। नीतीश कुमार ने मंगलवार को दिल्ली में ही मीसा भारती के घर पर लालू यादव से भी मुलाकात की थी। नीतीश आज तेजस्वी यादव और राजश्री के घर भी पहुंचे। उन्होंने लालू की पोती कात्यायनी को गोद में लिया। इन नेताओं की मुलाकात देश की राजनीति के लिए अहम मानी जा रही है। बताया जा रहा है कि आज विपक्षी एकता को लेकर कोई कदम उठाया जा सकता है। नीतीश कुमार पहले से भी विपक्षी एकता के समर्थक रहे हैं। वे पहले भी कांग्रेस को साथ लेकर चलने की बात कहते रहे हैं। कुछ विपक्षी पार्टियां उनके इस प्रस्ताव के खिलाफ हैं। आरजेडी और कांग्रेस के नेताओं का कहना है कि नीतीश यूपीए के कुनबे को बढ़ा सकते हैं। नीतीश कुमार विपक्षी दलों को कांग्रेस की अगुआई के लिए राजी कर सकते हैं। जहां तक पीएम पद की दावेदारी की बात है, नीतीश पहले ही कह चुके हैं कि वह प्रधानमंत्री पद के उम्मीदवार नहीं हैं और 2024 लोकसभा चुनाव के बाद ही नेता चुना जाएगा।

## कर्नाटक के पूर्व डिप्टी सीएम ने दिया बीजेपी से इस्तीफा

बेंगलुरु. कर्नाटक विधानसभा चुनाव में टिकट न मिलने पर राज्य के पूर्व डिप्टी सीएम लक्ष्मण सवादी ने पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दे दिया है। उन्होंने बुधवार को कहा कि मैं गुरुवार को और कड़ा फैसला लूंगा और शुक्रवार को अपना काम शुरू कर दूंगा। उनके इस्तीफे को लेकर राज्य के कांग्रेस प्रमुख डीके शिवकुमार ने कहा है कि वे उनके संपर्क में नहीं हैं। बीजेपी ने मंगलवार रात



कर्नाटक विधानसभा चुनाव के लिए 189 कैंडिडेट्स की लिस्ट जारी की थी। इसमें सिर्फ 8 महिलाएं हैं। सीएम बसवराज बोम्मई शिगगांव से चुनाव लड़ेंगे। पूर्व सीएम बीएस येदियुरप्पा के बेटे बीवाई विजयेंद्र अपने पिता के शिकारीपुरा निर्वाचन क्षेत्र से चुनाव लड़ेंगे। अब सिर्फ 35 नामों का ऐलान होना बाकी है। सीएम बोम्मई ने कहा दूसरी लिस्ट भी जल्द जारी की जाएगी। बीजेपी के राष्ट्रीय महासचिव सीटी रवि अपनी परंपरागत चिकमंगलूर सीट से चुनाव लड़ेंगे। मंत्री आर अशोक को दो सीटों से मैदान में उतारा जा रहा है। वे राज्य के कांग्रेस प्रमुख डीके शिवकुमार के खिलाफ कनकपुरा से और इसके अलावा पद्मनाभनगर सीट से भी चुनाव लड़ेंगे। मंत्री वी सोमन्ना भी दो सीटों पर अपनी किस्मत आजमाएंगे। वरुणा सीट से उनका मुकाबला कांग्रेस के पूर्व मुख्यमंत्री सिद्धारमैया से होगा। पार्टी ने उन्हें चामराजनगर से भी टिकट दिया है। स्वास्थ्य मंत्री डॉ. सुधाकर के. चिक्कबल्लापुर सीट तो मंत्री डॉ. अश्वथनारायण सीएन मल्लेश्वरम सीट से किस्मत आजमा रहे हैं। केंद्रीय मंत्री और कर्नाटक के प्रभारी धर्मेंद्र प्रधान ने नई दिल्ली स्थित पार्टी हेडक्वार्टर पर ये लिस्ट जारी की थी। कर्नाटक भाजपा के सीनियर लीडर बीएस येदियुरप्पा ने बुधवार को कहा कि 99% जगदीश शेट्टार को चुनावी टिकट दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि कैंडिडेट्स की दूसरी लिस्ट आज रात जारी कर दी जाएगी। येदियुरप्पा ने दावा किया कि मंगलवार को जारी 189 सीटों में से भाजपा 125-130 सीटें जीतेगी। हम टिकट के अनाउंसमैंट से खुश हैं। हम कर्नाटक में फिरसे सरकार बनाएंगे।

# भ्रष्टाचार के खिलाफ कार्रवाई करने में राजस्थान सबसे अव्वल:अशोक गहलोत

### सचिन पायलट के अनशन के बाद मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने मीडिया से बात की

जयपुर. बीजेपी राज के करप्शन के खिलाफ कार्रवाई नहीं करने के मुद्दे पर सचिन पायलट के अनशन के बाद आज मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने पहली बार मीडिया से बात की। जब उनसे पायलट के अनशन को लेकर सवाल किया गया तो वे इसे टाल गए और कहा कि मेरा लक्ष्य फिलहाल महंगाई से राहत दिलाना है और सेवा करना है। लेफ्ट-राइट कहीं ध्यान जाता ही नहीं है। एआईसीसी ने ट्वीट किया है कि राज्य स्कीम्स में नेतृत्व दे रहा है, इससे बड़ा सौभाग्य क्या होगा। गहलोत ने कहा कि शिक्षा और स्वास्थ्य मेरी प्रायोरिटी है। यदि किसी प्रदेश में जनता को शिक्षा और स्वास्थ्य दे दो, तो बाकि काम स्वतः हो जाएंगे। हमने सामाजिक सुरक्षा सेक्टर को भी चुना है। स्वास्थ्य के मामले में हम अभी देश के दूसरे राज्यों से बहुत पीछे हैं। कोरोना से हमने जो शुरूआत की, उसका फायदा लोगों को देना चाहते हैं। वसुंधरा सरकार के भ्रष्टाचार पर कार्रवाई को लेकर सीएम अशोक गहलोत ने कहा कि राजस्थान भ्रष्टाचार के खिलाफ कार्रवाई करने में सबसे अव्वल है। यहां पर चार पांच आईएएस, आईपीएस सहित कितने लोगों पकड़ा है, हिंदुस्तान में ऐसा हुआ है क्या? अगर हम ज्यादा छापे डालते हैं तो नेगेटिव सोच वाले लोग हैं, वह कहेंगे कि करप्शन ज्यादा है। इसका मतलब छापे बंद कर दें। यह सोच बहुत गलत है। गौरतलब है कि पायलट ने वसुंधरा सरकार के भ्रष्टाचार पर कार्रवाई नहीं होने के आरोप लगाए थे। गहलोत ने कहा 25 साल पहले जब मैं पहली बार सीएम था, उस वक्त लोगों को सरकारी योजनाओं की जानकारी ही नहीं होती थी। मैं चुनावों के वक्त मीटिंग्स में हाथ खड़े करवाता था तो मुश्किल से स्कीम्स के बारे में कुछ लोगों को पता होता था। हम इसीलिए महंगाई राहत कैंप लगवाकर सरकारी योजनाओं को फायदा दे रहे हैं। पहले फेज में हम 700 कैंप लगा रहे हैं, बाद में 2700 कैंप और लगेंगे। गहलोत ने कहा कि ओल्ड पेंशन स्कीम को आप देखिए, विशेषज्ञ मेरे खिलाफ आर्टिकल लिख रहे हैं। ओपीएस इसीलिए लेकर आए कि 35 साल सेवा कराने के बाद उसे मार्केट के भरोसे नहीं छोड़ सकते। लोग को यह विश्वसा



दिलाना पड़ेगा कि हम उनके साथ खड़े हैं। प्रदेशवासी अगर ठान लें तो 2030 तक देश में हम नंबर वन हो सकते हैं। नागरिक ठान लें तो जीडीपी बढ़ते टाइम नहीं लगता। अकेले से नंबर वन नहीं बनेंगे। प्रदेश के हर नागरिक को भागीदारी निभानी होगी। आज हम बहुत पीछे हैं।

### राहुल गांधी विपक्ष के सबसे बड़े नेता

गहलोत ने राहुल गांधी की विपक्ष में स्वीकार्यता को लेकर पूछे गए सवाल के जवाब में कहा कि राहुल गांधी देश में विपक्ष के सबसे बड़े नेता हैं, उन्होंने कन्याकुमारी से कश्मीर तक भारत जोड़ो यात्रा निकालकर देश में अमन और शांति का पैगाम दिया। भारत को जोड़ने का काम किया, इसी वजह से केंद्र सरकार और भाजपा उनसे घबरा गई थी और विदेश में दिए गए बयान पर उनसे माफी मांगने की मांग करने लगे, यहां तक कि उन्हें संसद में भी बोलने नहीं दिया गया और आनन-फानन में उनकी संसद सदस्यता भी समाप्त करवा दी गई, लेकिन आज देश की जनता को भी समझ में आ रहा है कि केंद्र सरकार तानाशाही कर रही है। इस मामले में देश का पूरा विपक्ष भी राहुल गांधी के साथ खड़ा है। मुख्यमंत्री गहलोत ने कहा कि हमारा लक्ष्य 2030 है और उसी को ध्यान में रखकर सरकार काम कर रही है। राजस्थान को 2030 तक देश में सबसे विकसित राज्य बनाना है और यह तभी संभव है जब सब मिलकर सरकार का सहयोग करेंगे।

### सामाजिक सुरक्षा पर कानून बनाए केंद्र सरकार

सीएम ने कहा कि आज देश में सोशल सिक्योरिटी पर कानून बनना चाहिए। हमने कई बार केंद्र सरकार से भी इसकी मांग की है, मुख्यमंत्री गहलोत ने कहा कि सामाजिक सुरक्षा हमारी जिम्मेदारी है, इसलिए हमने ओल्ड पेंशन स्कीम राजस्थान में लागू की है लेकिन बुद्धिजीवी वर्ग हमारे इस फैसले की आलोचना कर रहे हैं लेकिन हम हम जानते हैं कि यह फैसला कर्मचारियों के हितों में हैं, जब कर्मचारी रिटायरमेंट लेंगे तब सबसे ज्यादा जरूरत ओल्ड पेंशन स्कीम की ही होगी। मुख्यमंत्री गहलोत ने कहा कि चिकित्सा और शिक्षा शुरू से ही हमारी प्राथमिकता पर रहे हैं। आजादी के 75 साल बाद राजस्थान में केवल 250 कॉलेज थे लेकिन हमने साढ़े चार साल में 303 नए कॉलेज खोल दिए हैं। आज राजस्थान में आईआईटी, एम्स जैसे संस्थान खुले हैं।

# 24 अप्रेल से महंगाई राहत कैंप, हर पात्र व्यक्ति को मिलेगा योजनाओं का तुरंत लाभ

### राज्य मंत्रिपरिषद की बैठक में महंगाई राहत कैंप को लेकर विस्तृत चर्चा

जयपुर। देश में बढ़ती महंगाई से प्रदेशवासियों को ससम्मान राहत दिलाने के लिए राजस्थान सरकार कृतसंकल्पित है। प्रदेश के हर पात्र व्यक्ति को जनकल्याणकारी योजनाओं का सुगमता से व सम्मानपूर्वक लाभ दिलाने के लिए 24 अप्रेल से महंगाई राहत कैंप आयोजित होंगे। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत की अध्यक्षता में बुधवार को मुख्यमंत्री निवास पर राज्य मंत्रिपरिषद की बैठक में महंगाई राहत कैंप को लेकर विस्तृत चर्चा हुई। मंत्रिपरिषद ने एक राय में कहा कि कैंप आमजन और वंचित वर्ग को महंगाई की मार से उभारने में मददगार साबित होंगे। बैठक में बताया गया कि संवेदनशील, जवाबदेह और पारदर्शी राज्य सरकार द्वारा प्रदेश में 30 जून तक प्रत्येक ग्राम पंचायत और शहरी वार्ड में 2-2 दिवसीय कैंप लगाए जाएंगे। इनमें पात्र लाभार्थियों को 10 योजनाओं में रजिस्ट्रेशन के बाद मौके पर ही गारंटी कार्ड/संशोधित स्वीकृति आदेश आदि उपलब्ध कराए जाएंगे। योजनाओं का लाभ लेने के लिए कैंपों में रजिस्ट्रेशन अनिवार्य किया गया है। 24 अप्रेल से 30 जून 2023 तक कैंप लगेगा। 30 जून तक कभी भी रजिस्ट्रेशन संभव है। सोमवार से शनिवार सुबह 10 बजे से शाम 6 बजे तक कैंप लगेगा।

### महंगाई राहत शिविर में 10 योजनाओं का मिलेगा लाभ

मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने कहा कि सरकार की ओर से 24 अप्रेल से शुरू होने वाले महंगाई राहत शिविर में सरकार की प्रमुख 10 योजनाओं का




लाभ मिलेगा। चिरंजीवी बीमा योजना, वृद्धावस्था पेंशन, 500 रुपए में गैस सिलेंडर, 100 यूनिट बिजली फ्री, महिलाओं को रोडवेज में 50 फीसदी किराए में छूट जैसे प्रमुख योजनाएं शामिल हैं। सीएम गहलोत कहां की पूरे प्रदेश में 2700 राहत कैंप लगेंगे जिसमें जरूरतमंद को अपना रजिस्ट्रेशन कराना होगा। मुख्यमंत्री गहलोत ने लोगों से अपील की है कि जो सक्षम लोग हैं उन्हें इन योजनाओं का लाभ नहीं लेना चाहिए और अपना रजिस्ट्रेशन कैंपों में नहीं कराना चाहिए। उसका फायदा जरूरतमंद लोगों को मिल जाएगा।

### 11283 ग्राम पंचायतों और 7500 शहरी वार्डों में कैंप

प्रशासन गांवों/शहरों के संग अभियान के प्रत्येक शिविर में महंगाई राहत कैंप के विशेष काउंटर लगाएं जाएंगे। गांवों के संग अभियान के तहत 11283 ग्राम पंचायतों और शहरों के संग अभियान के तहत 7500 वार्डों में वार्डवार शिविरों में कैंप लगेंगे।

इनके अतिरिक्त 2000 स्थाई महंगाई राहत कैंप भी लगेंगे। ये कैंप जिला प्रशासन द्वारा राजकीय अस्पताल, गैस एजेंसी, बस स्टैंड, प्रमुख बाजार, शॉपिंग मॉल्स, रेलवे स्टेशन, जिला कलेक्ट्रेट, पंचायत समिति, नगरपालिका व अन्य राजकीय कार्यालय/सार्वजनिक स्थलों पर लगाए जाएंगे। आमजन को उनके अधिकारों, जनहितैषी योजनाओं और उनकी पात्रता की सम्पूर्ण जानकारी देकर जागरूक करने के साथ उन्हें सशक्त बनाना मुख्य उद्देश्य है। इनकी विशेषता है कि किसी भी जिले का व्यक्ति अन्य जिलों के शिविरों में भी जनाधार के जरिए पंजीकरण करा सकता है।

### 10 जनकल्याणकारी योजनाएं, आमजन को मिलेगा संबल

. मुख्यमंत्री गैस सिलेंडर गारंटी कार्ड योजना
. मुख्यमंत्री निःशुल्क बिजली योजना (घरेलू उपभोक्ताओं को 100 यूनिट प्रतिमाह)
. मुख्यमंत्री निःशुल्क बिजली योजना (कृषि उपभोक्ताओं को 2000 यूनिट प्रतिमाह)
. मुख्यमंत्री निःशुल्क अन्नपूर्णा फूड पैकेट योजना
. महात्मा गांधी नरेगा ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (25 अतिरिक्त दिवस तथा कथौड़ी, सहरिया व विशेष योग्यजन को 100 दिवस अतिरिक्त)
. इंदिरा गांधी शहरी रोजगार गारंटी योजना (125 दिवस)
. सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना (न्यूनतम 1000 रुपए पेंशन प्रतिमाह)
. मुख्यमंत्री कामधेनु बीमा योजना
. मुख्यंत्री चिरंजीवी स्वास्थ्य बीमा योजना (अब 25 लाख रुपए का बीमा)
. मुख्यमंत्री चिरंजीवी दुर्घटना बीमा योजना (अब 10 लाख रुपए का बीमा)

## स्वास्थ्य का अधिकार देने वाला पहला राज्य बना राजस्थान

- राइट टू हेल्थ विधेयक को राज्यपाल कलराज मिश्र ने मंजूरी दी

जयपुर. राजस्थान में राइट टू हेल्थ विधेयक को राज्यपाल कलराज मिश्र ने बुधवार को मंजूरी दे दी। इस विधेयक को लेकर राजस्थान में पिछले महीने डॉक्टर्स का बड़ा आंदोलन चला था। इसके बाद सरकार और डॉक्टर्स की वार्ता में 8 बिंदुओं




पर सहमति बनने के बाद बिल को मंजूरी के लिए राज्यपाल को भिजवाया गया था। राजस्थान देश का पहला राज्य है, जहां लोगों को शिक्षा, खाद्य के बाद अब स्वास्थ्य का अधिकार मिलेगा। इस बिल के पास होने से मतलब है कि राज्य का कोई भी नागरिक बीमार होता है। उसे राज्य की सरकार और चुनिंदा प्राइवेट हॉस्पिटल को इलाज देना होगा। अगर उस व्यक्ति के पास पैसे नहीं हैं। फिर भी सरकार की ओर से इसके इलाज का खर्चा उठाया जाएगा। फिलहाल फ्री इलाज की सुविधा केवल सरकारी हॉस्पिटल में है। अगर आपातकालीन स्थिति में कोई मरीज या दुर्घटनाग्रस्त व्यक्ति किसी प्राइवेट हॉस्पिटल में भी पहुंचता है। उसे उस हॉस्पिटल की इमरजेंसी में प्राथमिक और जरूरी इलाज दिया जाएगा। इसके लिए अगर व्यक्ति हॉस्पिटल को पैसे नहीं देता है। उसका खर्चा राज्य सरकार अपने कोष से देगी। राज्यपाल ने आरटीएच के अलावा बजट सत्र में 20 मार्च को पारित राजस्थान नगर पालिका संशोधन विधेयक 2023, बाबा आमटे दिव्यांग विश्वविद्यालय, जयपुर विधेयक 2023 और राजस्थान सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम (स्थापन और प्रवर्तन का सुकरीकरण) (संशोधन) विधेयक 2023 को भी मंजूरी दे दी है। नगर पालिका संशोधन विधेयक के मंजूर होने के बाद अब सरकार के पास ये अधिकार मिल गए है कि वे पालिका के किसी भी सदस्य को अपने स्तर पर पद से बर्खास्त कर सकती है। राज्यपाल ने राजस्थान अधिवक्ता संरक्षण विधेयक 2023 को केंद्रीय अधिनियम के प्रावधानों के संशोधन से संबंधित होने के कारण राष्ट्रपति को भेजा है। ये विधेयक विधानसभा में पारित हुआ, लेकिन इस विधेयक पर भारत के संविधान के अनुच्छेद 200 के उपबंध लागू होते हैं, इसलिए इसे राष्ट्रपति को भिजवाया गया।

## नेक्सा एवरग्रीन ठगी मामले में 1500 बीघा जमीन सीज

सीकर. गुजरात में धोलेरा सिटी प्रोजेक्ट के नाम से राजस्थान में 2600 से 2700 करोड़ रुपए की नेक्सा एवरग्रीन महाठगी के मामले में अब तक सीकर पुलिस धोलेरा में करीब 1500 बीघा जमीन सीज कर चुकी है। पहले गिरफ्तार हो चुके आरोपी रिमांड पर है। जिन्हें कल कोर्ट में पेश किया जाएगा। अब सीकर पुलिस कंपनी से 1 करोड़ से ज्यादा राशि के रिवॉर्ड लेने वाले इन्वेस्टर्स की सूची तैयार कर रही है। जल्द ही पुलिस इन लोगों के खिलाफ भी कार्रवाई करेगी। इन लोगों की संख्या करीब 100 है। वहीं कंपनी की संपत्तियों को चुराने वाले लोगों के खिलाफ भी पुलिस कार्रवाई कर रही है। आपको बता दें कि आरोपियों की गिरफ्तारी होने के बाद एडिशनल एसपी रामचंद्र मूंड के नेतृत्व में सीकर पुलिस पहले करीब 1300 बीघा जमीन धोलेरा में सीज कर चुकी है। हाल ही में सीकर पुलिस की एक टीम ने धोलेरा में करीब 100-150 बीघा जमीन सीज की है। इसके अलावा राजसमंद में माइंस और अन्य कई संपत्तियां भी सीज की जा चुकी हैं। कंपनी से जुड़े मुख्य आरोपियों की 6 कंपनियां थी। आरोपी पैसा इन कंपनी में नही बल्कि अपनी एजेंटों की 30 सहायक कंपनियों में जमा करवाते थे। गौरतलब है कि सीकर पुलिस ने 4 मार्च को कंपनी से जुड़े मुख्य आरोपी रणवीर बिजारणियां,सुभाष बिजारणियां, ओपेंद्र और अमरचंद ढाका को गुजरात महाराष्ट्र बॉर्डर से गिरफ्तार किया था। जिसके बाद कंपनी के पलसाना ऑफिस के एजेंट गोपाल दूधवाल को गिरफ्तार किया गया। अब तक पुलिस इन आरोपियों को 3 मुकदमों में रिमांड पर ले चुकी है। अब कल आरोपियों को कोर्ट में पेश कर अन्य मामलों में रिमांड पर लिया जाएगा। अब मामले में पुलिस बनवारी,मोहित की तलाश कर रही है। आपको बता दें कि राजस्थान में कंपनी के खिलाफ कुल 80 मुकदमे दर्ज हैं। जिनमें से 33 मुकदमे सीकर जिले के हैं।

## एएसआई 7 हजार रुपए की रिश्वत लेते गिरफ्तार

जोधपुर.बिलाड़ा थाने के एएसआई को एसीबी जोधपुर की स्पेशल टीम ने रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों पकड़ा। दरअसल एएसआई ने भैंस चोरी मामले में आरोपी नहीं बनाने के एवज में 15 हजार रुपए रिश्वत के रुप में मांगे थे। इसमें से 7 हजार रुपए लेते हुए एएसआई रंगे हाथों पकड़ा गया। एसीबी के अतिरिक्त महानिदेशक हेमंत प्रियदर्शी ने बताया कि परिवादी ने शिकायत दर्ज करवाई थी। शिकायत में बताया था कि बिलाड़ा एएसआई रामाकिशन विश्नोई ने भैंस चोरी मामले में आरोपी नहीं बनाने के एवज में 15 हजार रुपए की मांग की है और वह परेशान भी कर रहा है। इस पर शिकायत को वेरिफाइड किया शिकायत सही पाए जाने पर ट्रेप की कार्रवाई की गई। पुलिस निरीक्षक मनीष वैष्णव और ट्रेप टीम ने एक्शन लेते हुए आरोपी सेखाला निवासी रामाकिशन विश्नोई पुत्र गुरूराम विश्नोई को परिवादी से 7 हजार रुपए की रिश्वत राशि लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया गया।



### - एनआरआई क्लब-21' के आवेदकों के लिए मीत ब्रदर्स की म्यूजिकल कंसर्ट 16 अप्रैल को

# मशहूर मीत ब्रदर्स के म्यूजिकल कंसर्ट में थिरकेंगे जयपुराइट्स

### 'टाइ योर लेसेस, टू टैप योर स्टेप्स ऑन डांस फ्लोर' की थीम पर होगा कंसर्ट

जयपुर। आगामी रविवार की शाम 'एनआरआई क्लब-21' के आवेदकों के लिए सुरमई होने वाली है। 16 अप्रेल को शाम 7 बजे बॉलीवुड के मशहूर मीत ब्रदर्स की जोड़ी और सिंगर खुशबू ग्रेवाल जयपुर के प्रतापनगर स्थित एनआरआई कॉलोनी में म्यूजिकल कंसर्ट में दर्शकों को झूमने पर मजबूर कर देंगे। आवासन आयुक्त और 'एनआरआई क्लब-21' के अध्यक्ष पवन अरोड़ा ने बताया कि इस म्यूजिकल कंसर्ट का लुत्फ क्लब की सदस्यता के लिए आवेदन कर चुके और आवेदन करने वाले आवेदक ही उठा सकेंगे। उन्होंने कहा कि आवेदक क्लब परिसर से 12 से 15 अप्रेल तक प्रातः 10 बजे से सायं 7 बजे के बीच निशुल्क पास प्राप्त कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि क्लब के आवेदकों के लिए कंसर्ट के साथ गाला डिनर की व्यवस्था भी की गई है। अरोड़ा ने बताया कि कंसर्ट की थीम टाइ योर लेसेस, टू टैप योर स्टेप्स ऑन डांस फ्लोर रखी गई है।




उन्होंने बताया कि अन्तरराष्ट्रीय मापदंडों के आधार पर विकसित होने वाले क्लब हाउस में 25 कमरे बनाए जाएंगे, जहां स्पॉर्टस सुविधाओं के साथ, बार, ऑल वेदर स्विमिंग पूल और अन्य सुविधाएं विकसित की जाएंगी। उन्होंने बताया कि निजी सहभागिता के आधार पर ही यहां साजसज्जा, फर्नीचर्स सहित जरूरी सुविधाएं विकसित कर क्लब-21 को विकसित किया जाएगा। क्लब के अध्यक्ष अरोड़ा ने बताया कि जयपुर की प्रतिष्ठित एनआरआई कॉलोनी में अंतरराष्ट्रीय और अत्याधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित एनआरआई क्लब-21 के प्रति लोगों में जबरदस्त क्रेज देखने को मिला। उन्होंने बताया कि मंडल को अब तक मेंबरशिप के पेटे 25 करोड़ से ज्यादा रुपए प्राप्त भी हुए हैं। उन्होंने कहा कि कोई भी व्यक्ति एसोसिएट मेंबर के लिए 4 लाख और कॉरपोरेट मेंबर के लिए 6 लाख रुपए देकर 15 अप्रेल तक मेंबरशिप के लिए आवेदन कर सकता है।

अरोड़ा ने कहा कि नई दरों पर मेंबरशिप तथा क्लब से जुड़ी अन्य जानकारी के लिए वेबसाइट को विजिट किया जा सकता है। साथ ही मौके पर हेल्पडेस्क की भी सुविधा दी गई है। उन्होंने कहा कि केंद्र व राज्य सरकार के अधिकारियों एवं कर्मचारियों के लिए पूर्ववत डिस्काउंट सुविधा रहेगी।

## सम्पादकीय

# कोरोना को हल्के में लेना बड़ा नुकसान पहुँचा सकता है, पूर्व के अनुभवों से सीख लेनी चाहिए

समूची दुनिया में यह माना जा चुका है कि कोरोना से बचाव के लिए कोरोना प्रोटोकाल की पालना एक कारगर माध्यम है। आज हम मास्क पहनना भूल गए हैं तो सैनेटाइजर का उपयोग भी लगभग बंद ही हो गया है। इसी तरह से दो गज की दूरी की बात भी इन दिनों तो बेमानी हो चुकी है।

कोरोना की दहशत ने एक बार फिर कोरोना प्रोटोकाल की पालना के प्रति गंभीर होने के लिए चेता दिया है। ऐसे में कोरोना प्रोटोकाल को लागू करने या लोगों को पालना के प्रति सचेत करने का समय आ गया है। यह इसलिए भी जरूरी हो गया है कि देश में कोरोना प्रोटोकाल की पालना लगभग नहीं की स्थिति में पहुंच गई है तो लोगों की गंभीरता भी नहीं रही है। देश में एक तरफ जहां दिन प्रतिदिन कोरोना के मामलों में उछाल आता जा रहा हैं वहीं कोरोना प्रोटोकाल की पालना करीब करीब समाप्त हो चुकी है। पिछले दिनों में औसतन प्रतिदिन देश में पांच हजार से अधिक कोरोना पोजिटिव मरीज आ रहे हैं और कोरोना के कारण भले ही कम हो, पर मौत के मामले भी आने लगे हैं। एक सप्ताह में ही कोरोना के कारण 68 मौत के समाचार हैं। हालांकि केन्द्र व राज्य सरकारें सजग तो होने लगी हैं व 10 और 11 अप्रैल को समूचे देश में दो दिन की मॉक ड्रिल कर कोरोना से निपटने की तैयारियों या यों कहें कि दवाओं व संसाधनों की उपलब्धता को जांचा परखा जा सके। पर जिस तरह से देश के पांच राज्यों में कोरोना मामलों की बढ़ोतरी ने चिंता में डाल दिया है उसे देखते हुए सतर्कता और सजगता जरूरी हो गयी है।

लगभग समूची दुनिया में यह माना जा चुका है कि कोरोना से बचाव के लिए कोरोना प्रोटोकाल की पालना एक कारगर माध्यम है। आज हम मास्क पहनना भूल गए हैं तो सैनेटाइजर का उपयोग भी लगभग बंद ही हो गया है। इसी तरह से दो गज की दूरी की बात भी इन दिनों तो बेमानी हो चुकी है। मास्क के उपयोग को लेकर पिछले दिनों लोकल सर्कल द्वारा कराए गए सर्वे ने तो चिंता में ही डाल दिया है। सर्वे में सामने आया है कि केवल और केवल 6 प्रतिशत लोग ही मास्क के प्रति थोड़े गंभीर दिख रहे हैं। यानी की 6 प्रतिशत लोग ही मास्क का उपयोग कर रहे हैं। हालात तो यह हैं कि कोरोना तो दूर वायरस जनित बीमारियों के फैलाव के बावजूद देश के किसी भी क्षेत्र के किसी भी अस्पताल में चल जाएं कोई इक्के दुक्के लोग ही मास्क लगाए हुए दिखाई देते हैं। यह तो अस्पतालों के हालात हैं जहां बीमार या उनके तीमारदार ही जाते हैं। ऐसे में यह अपने आप में गंभीर हो जाता है। बाजार, सार्वजनिक परिवहन साधनों, मॉल्स, सिनेमागृहों, राजनीतिक रैलियों, धार्मिक स्थलों आदि पर खोजने से भी मास्क लगाए कोई लोग नहीं दिखते हैं। ऐसे में कोरोना संक्रमण के नए मामलों के आना चिंता का सबब बन ही जाता है। खासतौर से केरल, महाराष्ट्र, दिल्ली, हरियाणा और तमिलनाडु में जिस तरह से कोरोना संक्रमण का अधिक फैलाव देखा जा रहा है यह चिंतनीय है।

दरअसल कोरोना काल के अनुभव आज भी रूह कंपा देने के लिए काफी है। लंबा लॉकडाउन, सब कुछ बंद, प्रवासी श्रमिकों की हाईवे पर रेला, वेंटिलेटरों और ऑक्सिजन बेड की तलाश में भटकते लोगों और कोरोना संक्रमण से मौत के ग्रास बनते लोगों के चित्र आंखों के समाने घूमने लगते हैं तो सिहर जाते हैं। दवाओं की कमी, दवाओं की अनुपलब्धता और ऑक्सीजन की कमी को भूले नहीं हैं। ऐसे में कोरोना काल के अनुभवों को देखते हुए इन दिनों बढ़ते कोरोना संक्रमण को हल्के से लेने की भूल नहीं करनी होगी। सरकार को जनहित में जहां जागरूकता अभियान तो चला ही देना ही चाहिए वहीं सार्वजनिक स्थानों पर मास्क पहनने की अनिवार्यता सख्ती से लागू करने की पहल कर देनी चाहिए। खासतौर से चिकित्सालयों में तो सख्ती से पालना होनी ही चाहिए। इसी तरह से सार्वजनिक स्थानों पर सैनेटाइजर के डिस्पेंसर लगा दिए जाएं तो सरकार के लिए यह कोई महंगा सौदा नहीं होगा। सरकार ही क्यों स्वयं सेवी संस्थाओं और दानदाताओं को भी आगे आकर जागरूकता अभियान चलाकर लोगों को सचेत करने का समय आ गया है। केवल सरकार के भरोसे नहीं रहकर सभी सजग लोगों और संस्थाओं को आगे आना चाहिए। यह नहीं भूलना चाहिए कि इन साधनों के उपयोग पर होने वाले खर्च से कई गुणा नुकसान हम लोग व सरकार लॉकडाउन और अन्य कार्यों पर भुगतते रही हैं। सबकुछ बंद हो उससे बेहतर सुरक्षा साधनों के प्रति जागरूकता और सुविधाएं उपलब्ध कराने से अच्छे परिणाम प्राप्त हो सकते हैं। उद्यमियों को भी आगे आना चाहिए और अपने पास से नहीं अपितु सीएसआर के तहत उपलब्ध राशि से ही इस तरह के कार्यक्रमों का संचालन किया जाता है तो यह अच्छी पहल मानी जा सकती है। कोरोना में हमने अपने या अपनों में से लोगों को खोया है। ऐसे में गंभीर हो जाना चाहिए वहीं अस्पतालों को अपनी व्यवस्थाओं को समय रहते चाक चौबंद कर लेना चाहिए।

## पीजी कॉलेज और साईं कॉलेज की छात्राओं के बीच पीजी कॉलेज परिसर के हॉकी स्टेडियम में किसी बात को लेकर जमकर हुई फाइट

**मरुधर विशेष, करन सोनी**

अंबिकापुर/ पीजी कॉलेज परिसर स्थित हॉकी स्टेडियम में बुधवार की दोपहर 2 कॉलेज की छात्राओं के गुट में जमकर मारपीट हो गई। इस दौरान छात्राओं ने एक-दूसरे पर जमकर लात-मुक्के चलाए। कोई किसी के बाल पकडकर मारती दिखी तो कोई जमीन पर गिराकर थप्पड़ चलाती रही।



वहां मौजूद अन्य छात्र-छात्राएं उन्हें छुड़ाते रहे, लेकिन कोई मानने को तैयार नहीं था। अंततः मौके पर पुलिस बुलानी पड़ी। मारपीट का यह वीडियो वहां मौजूद छात्र-छात्राओं ने अपने मोबाइल में बनाया और उसे सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। वीडियो देखकर लोग तरह-तरह के कमेंट्स कर रहे हैं।आजकल लड़कियों के बीच मारपीट की खबरें भी आम हो गई हैं। आए दिन सोशल मीडिया पर मारपीट के वीडियो वायरल होते रहते हैं। इसी बीच बुधवार की दोपहर अंबिकापुर के पीजी कॉलेज मैदान परिसर स्थित हॉकी स्टेडियम में पीजी कॉलेज की छात्राओं व साईं बाबा कॉलेज की छात्राओं के बीच पुराने विवाद को लेकर जमकर मारपीट हो गई।लड़कियां एक-दूसरे के बाल पकडकर थप्पड़ व लात-घूसे चलाती दिखीं। बताया जा रहा है कि पीजी कॉलेज व साईं कॉलेज की छात्राओं के बीच किसी बात को लेकर विवाद हुआ था। इस दौरान साईं कॉलेज की छात्राएं पीजी कॉलेज के हॉकी स्टेडियम में पहुंची थीं और देखते ही देखते उनमें मारपीट होने लगी।हालांकि वहां मौजूद अन्य छात्र-छात्राओं ने उन्हें छुड़ाने की कोशिश की लेकिन लड़कियां कहां मानने वाली थीं। गौरतलब है कि कॉलेज के कई छात्र-छात्राएं क्लास छोडकर अक्सर हॉकी ग्राउंड, वॉकिंग ट्रैक या इधर-उधर घूमते रहते हैं।

**बनाया वीडियो, बुलानी पड़ी पुलिस**

छात्राओं के बीच मारपीट का वीडियो वहां मौजूद कुछ छात्र-छात्राओं ने अपने मोबाइल पर बना लिया। वहीं सूचना पर डायल 112 की टीम मौके पर पहुंची। इस दौरान दोनों कॉलेज की छात्राएं वहां मौजूद थीं। पुलिस ने उन्हें समझाइश दी। फिलहाल छात्राओं द्वारा थाने में मारपीट की शिकायत दर्ज कराए जाने की सूचना नहीं है।

**मारपीट की सूचना पर गया था हॉकी ग्राउंड**

पीजी कॉलेज के हॉकी ग्राउंड में लड़कियों के लड ? की सूचना मिली थी तो वहां गया था। यहां पहले से डायल-112 की टीम पहुंची थी। वहां साई कॉलेज की भी कुछ छात्राएं भी थीं। मैंने साई कॉलेज के प्राचार्य को फोन लगाया तो उन्होंने किसी निजी कार्यक्रम में व्यस्त होने के कारण बाद में जानकारी देने की बात कही।

डॉ. एसएस अग्रवाल, प्राचार्य, पीजी कॉलेज अंबिकापुर

## स्वास्थ्य विभाग अलर्ट, सूरजपुर में 17 से ज्यादा बच्चे कोरोना संक्रमित

**मरुधर विशेष, करन सोनी**

सूरजपुरः पूरे छत्तीसगढ़ में कोरोना की बढ़ती रफ्तार ने स्वास्थ्य विभाग की चिंता बढ़ा दी है. इस बीच प्रदेश के सूरजपुर जिले में कोरोना संक्रमण की चपेट में अधिकतर बच्चे आ रहे हैं. सूरजपुर में



पिछले दिनों कुल 35 लोग कोरोना संक्रमित मिले थे. मंगलवार को 17 बच्चे संक्रमित पाए गए. बच्चों में कोरोना संक्रमण पाए जाने से सूरजपुर जिला स्वास्थ्य विभाग अलर्ट मोड में आ गया है.छात्रावास में मिले 17 कोरोना संक्रमित बच्चेः सूरजपुर के कस्तूरबा गांधी छात्रावास के 10 बच्चे खांसी और जुकाम से पीड़ित थे. इन बच्चों का कोरोना टेस्ट किया गया, जिसमें 8 बच्चे कोरोना पॉजिटिव पाए गए. जिसके बाद मंगलवार को कस्तूरबा गांधी आवासीय छात्रावास में जिला अस्पताल की टीम ने कैंप लगाकर सभी बच्चों का रैंडम टेस्ट किया. जिसमें 17 बच्चे कोरोना संक्रमित पाए गए है. स्वास्थ्य विभाग की टीम ने कैंप लगाकर की बच्चों की जांचः जिला अस्पताल की टीम ने छात्रावास में कैंप लगाकर सभी बच्चों का कोरोना टेस्ट किया. कुल 17 बच्चों में कोरोना संक्रमण पाया गया. संक्रमित बच्चों को छात्रावास में ही क्वारंटाइन कर दिया गया है. हॉस्टल प्रबंधन उनकी देखभाल कर रहा है. सभी बच्चों की स्थिति सामान्य बताई जा रही है.जिला स्वास्थ्य विभाग अलर्टः जिला प्रबंधन और स्वास्थ्य विभाग कोरोना के बढ़ते मामले और बच्चों में संक्रमण पाए जाने के बाद से ही अलर्ट मोड पर है. जिले में टेस्टिंग बढ़ाई जा रही है. आम लोगों को कोरोना प्रोटोकॉल का पालन करने की हिदायत दी गई है.

## कुनकुरी में लावारिस हालत में मिला शिक्षिका का शव

**मरुधर विशेष, करन सोनी**

जशपुर : कुनकुरी थाना क्षेत्र के गांव लोधमा में एक महिला शिक्षिका का शव मिला है. शव वाली जगह से कुछ ही दूरी पर महिला की कार मिली है. सलिया टोली गांव के पास से यह कार बरामद




की गई है. पुलिस ने शव को कब्जे में लेने के बाद जांच शुरू की है. पुलिस के मुताबिक " लोधमा के पास नदी किनारे एक महिला की संदिग्ध अवस्था में शव मिलने की सूचना मिली. सूचना पर कुनकुरी पुलिस मौके पर पहुंची. शव की शिनाख्त शिक्षिका के रूप में हुई. मृतिका की पहचान शिक्षिका शीलवंती हंसरा के रूप में हुई है."कहां की है शिक्षिका : शिक्षिका तपकरा की रहने वाली है और फरसाबहार के शासकीय स्कूल में शिक्षिका है. 3 दिन पहले शीलवंती घर से जशपुर परीक्षा की कॉपी जांच करवाने के नाम पर निकली थी. इसके बाद सलिया टोली के करीब उसकी कार लावारिस हालत में मिली.इसके थोड़े ही देर बाद शिक्षिका का शव लोधमा के पास नदी किनारे मिला. कुनकुरी पुलिस को कार में शिक्षिका का सामान मिला है. जिसमें परीक्षा से संबंधित उत्तर पुस्तिका ,अळट कार्ड,और कुछ फोटो हैं.तीन दिन से थी लापता : मृतिका 3 दिन पहले कार्यालयीन काम के लिए घर से निकली थी. लेकिन वापस नहीं लौटी. पुलिस ने शुरूआती जांच में अभी हत्या या आत्महत्या किसी भी चीज की आशंका जाहिर नहीं की है. शव के पोस्टमार्टम के बाद ही मौत के सही कारणों का खुलासा होगा.

## खरवार जंगल में अवैध कटाई रोकने जमीन में उतरे वन विभाग के अधिकारी

**मरुधर विशेष, करन सोनी**

जशपुरनगर। शहर के आसपास स्थित जंगल में चल रहे अवैध कटाई को रोकने के लिए वन विभाग के अधिकारी और कर्मचारियों ने कार्रवाई शुरू कर दी है। इन जंगलों में भारी पैमाने में हो रही अवैध कटाई की खबर को नईदुनिया ने अपने 11 अप्रैल के अंक में प्रमुखता से प्रकाशित किया था।प्रकाशित समाचार को संज्ञान में लेते हुए वनमंडलाधिकारी जितेन्द्र उपाध्याय ने जशपुर वन



परिक्षेत्र के रेंजर निखिल सक्सेना को मामले में कार्रवाई करने और अवैध कटाई पर तत्काल रोक लगाने का निर्देश दिया है। डीएफओ के निर्देश पर सोमवार को वन अमला दिन भर शहर से लगभग 1 किलोमीटर दूर स्थित बरटोली में डटा रहा। मौके पर पहुंचे वनकर्मियों ने अवैध कटाई का शिकार हुए खरवार जंगल का निरीक्षण किया। इसके साथ ही सर्च वारंट लेकर जंगल के आसपास स्थित बस्ती में सर्च अभियान चलाया। इसके साथ ही वनकर्मियों ने बस्तीवासियों की बैठक लेकर रहवासियों को जंगल की कटाई न करने की समझाईश दी है। रेंजर निखिल सक्सेना ने बताया कि बैठक में ग्रामीणों को जंगल की कटाई से पर्यावरण को होने वाले नुकसान और कानूनी कार्रवाई की विस्तार से जानकारी दी गई। उन्होनें बताया कि अवैध कटाई की लकड़ियों का प्रयोग होटलो और ढाबों में किया जाता है। इसे रोकने के लिए वन विभाग लगातार कार्रवाई करने में जुटा हुआ है। जानकारी के लिए बता दें कि शहर से लगभग 1 किलोमीटर दूर स्थित बस्ती बरटोली के पास स्थित खरवार जंगल में सैकड़ों की संख्या में हरे भरे पेड़ों की बेदर्दी से अवैध कटाई किया गया है। इससे जंगल का एक बड़ा हिस्सा उजाड़ होकर ठूंठ में तब्दील हो गया है। स्थानीय रहवासियों का कहना है कि वनकर्मियों की निष्क्रियता से सुबह से लेकर शाम तक लोग पेड़ों की कटाई कर सिर में ढोकर ले जाते है। जंगल को साफ करने के पीछे यहां की बेशकीमती जमीन पर अतिक्रमण कर कब्जा करने की आशंका भी जताई जा रही है।

मामले में डीएफओ जितेन्द्र उपाध्याय के निर्देश पर बरटोली खरवार जंगल का निरीक्षण करने के साथ बस्ती में सर्च अभियान चलाया गया है। इसके साथ स्थानीय रहवासियों की बैठक लेकर जंगल में कटाई न करने की समझाईश भी दी गई है।

**निखिल सक्सेना,रेंजर,जशपुर वन परिक्षेत्र।**

# एकजूट राजपूत समाज की महापंचायत- मागपत्र पर अभीतक कोई निर्णायक पहल नही होने के संदर्भ में विचार संगोष्ठी रखी गयी

## राजस्थान सरकार मुख्यमंत्री गहलोत को तक पहुचाया संदेश

**मरूधर विशेष/महावीर सिंह साँचोरा**

विगत 2 अप्रैल 2023 रविवार के दिन विद्याधरनगर स्टेडियम में केसरिया महापचायत में लाखों की संख्या मे एकजूट राजपूत समाज की महापंचायत- मागपत्र पर अमितक कोई निर्णायक पहल नही होने के संदर्भ में ।उपरोक्त विषयान्तर्गत निवेदन किया कि केसरिया महापंचायत की आपार जन समूह का एक ही उद्देश्य केसरिया महापंचायत का मांग पत्र था इतनी बड़ी विशाल सभा के आयोजन के पश्चात सरकार व उनके प्रतिनिधियों द्वारा अभी तक कोई निर्णायक पहल नहीं की गयी है जो समाज को पुन एकत्रित होने के लिए विवश करने जैसा प्रतीत होता है। श्री राष्ट्रीय राजपूत करणी सेना हमेशा से समाज हित के मुद्दों को लेकर संघर्ष करती रही है और आगे भी अपनी मांगो पर अडिग रहेगी हम हमारा मांग पत्र पुन दोहरा रहे है।






**प्रमुख सामाजिक मांगे-**

क्षत्रिय कल्याण बोर्ड का गठन हमारे समाज के किसी भी महापुरुष के नाम से किया जाए। आनंदपाल सिंह फर्जी एनकाउंटर के समय सामाजिक नेताओं व युवाओ मे किये गए मुकदमे धापिस लिए जाए। EWS आरक्षण 10% से 14% किया जाए। केंद्र सरकार की मूर्तियों में जमीन दुकान मकान, प्लाट जैसी शर्तों को हटाया जाए, जिस से सामान्य आर्थिक पिछड़े वर्गों को ज्यादा से फायदा मिल सके, ऐसी शर्तों के रहते केंद्रीय भर्तियों में एहर का लाभ नहीं मिल पा रहा है।

EWS का सरलीकरण किया जाए जिसने अन्य आरक्षित वर्गों की तरह आयु कि छूट उत्तीर्णांक के साथ शैक्षणिक योग्यता ने अंको कि छूट को शामिल कि जाए।

EWS अभ्यर्थियों व छात्रो के लिए जिला स्तर पर निःशुल्क छात्रावास कि सुविधा उपलब्ध करवाई जाए।

EWS बेरोजगार युवाओं के लिए विशेष प्रशिक्षण तथा उनके लिए सरकारी गारंटी पर बिना ब्याज के व्यासिक पूजी उपलब्ध करवाई जाए।

पद्धरउ राज अधीनस्थ बोर्ड अन्य संस्थाओं द्वारा मन हेतु निनिगम कॉलिफाइंग मार्क्स में अन्य आरक्षित श्रेणियों की तरह छूट प्रदान की जाये सामान्य आर्थिक पिछड़ा वर्ग की महिलाओं की शादी के पश्चात पीहर पक्ष की आग को ससुराल पक्ष की आय के साथ जोड़ना बंद किया जाए हमारे समाज की महने एहर के लाभ से वंचित रह रही है।, जिस कारण







डूंगरपुर जैसे ट्राइबल जिलो क्षेत्रों में आगामी विधानसभा, पंचायती राज, स्थानीय निकाय चुनावों में रोस्टर प्रणाली को लागू किया जाए। राजपूत समाज को जनसंख्या बहुलता के आधार पर राजनीती में भागीदारी सुनिश्चित की जाए जिसकी जितनी हिस्सेदारी उसकी उतनी भागीदारी हमारे समाज के इतिहास महापुरुषों कि पहचान को तोड़-मरोड़ अथवा अन्य किसी समाज का बता कर पेश करने वालो के विरुद्ध सर्वधानिक कार्यवाही काअधिकार दिया जाए। पंचायत राज शहरी निकाय चुनाव में एहर धारियो को 149% आरक्षण दिया जाये राज पुलिस व अन्य सुरक्षा बलो की भर्तियों में शारीरिक दक्षता में अन्य श्रेणियों की तरह एहर धारियों को छूट दी जाये।

श्री राष्ट्रीय राजपूत करणी सेना द्वारा इस निर्णायक लढाई हेतु सहयोगी संगठनों व समाज के प्रमुद्ध गणमान्यों के साथ आगामी रणनीति पर चर्चा की गयी है और निर्णय लिया गया है कि समाज हित के इन मुझे कि अनदेखी पर एक बड़े आदोलन की रूपरेखा तैयार की जायेगी, इसलिये राजस्थान सरकार से हम माग करते है कि रहते हमारे माग पत्र को लेकर निर्णायक पहल करे।

### विभिन्न राजपुत संगठन हुए एकत्रित

1. राजपूत सभा भवन जयपुर
2. श्री भवानी निकेतन
3. दहेज विरोधी संगठन
4. श्री राजपूत सभा जोधपुर
5. शौर्य फाउंडेशन
6. रॉयल ग्रुप
7. मदद फाउंडेशन
8. अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा
9. श्री जमवाय सेवा समिति
10. श्री दुर्गादल सेवा समिति
11. क्रांतिकारी राजपूत मंच
12. अधिवक्ता संघ
13. धार्मिक संगठन
14. अधिकारी कर्मचारी संघ

## बीजेपी ने लगाया धोखे से गमछा कंधे पर रखकर कांग्रेस जॉइन कराने का आरोप

**मरुधर विशेष, करन सोनी**

एमसीबी / छत्तीसगढ़ में इसी साल होने वाले विधानसभा चुनाव की तैयारियां चल रही हैं. सभी राजनीतिक दल अपने कार्यकताओं के पार्टी को बूथ स्तर पर मजबूत करने के लिए हर स्तर पर कार्य कर रहे हैं.इस बीच एक अनोखा नजारा मनेंद्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर (टउइ) जिले के अंतर्गत आने वाले डोमनहिल में देखने को मिला है.जहां भाजपा के कार्यकताओं ने मनेंद्रगढ़ विधायक डॉ विनय जायसवाल पर बड़ा आरोप लगाते हुए कहा कि धोखे से कांग्रेस पार्टी का गमछा उनके कंधे पर रखकर कांग्रेस पार्टी जॉइन करने की बात कही जा रही है. उनका कहना है कि वे लोग बीजेपी के हैं और टैक्सी स्टैंड में एक निर्माण कार्य को लेकर स्थानीय विधायक से मुलाकात करने गए थे.



**कार्यकर्ता काम से गए थे स्थानीय विधायक के पास : बीजेपी**

बता दें कि मनेंद्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर (टउइ) जिले के अंतर्गत आने वाले चिरमिरी के डोमनहिल में भाजपा मंडल अध्यक्ष रघुनंदन यादव ने एक कार्यक्रम आयोजित करते हुए कहा कि हमारे कार्यकर्ता टैक्सी स्टैंड में कुछ निर्माण के लिए स्थानीय विधायक डॉ विनय जायसवाल से मुलाकात करने गए थे. जहां पर कार्यकताओं के कंधे पर कांग्रेस पार्टी का गमछा रखकर उन्हें कांग्रेस जॉइन करने की बात सोशल मीडिया पर की जा रही है. हमारे कार्यकताओं का साफ कहना है कि धोखे से हमारे कंधे पर कांग्रेस का गमछा रख कर फोटो खींचा गया. हम सब भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता हैं. स्थानीय विधायक के इस कार्य को मुलाकात करने गए लोग धोखा बता रहे हैं.

**कांग्रेस जॉइन करने का गमछा पहनाकर छोड़ दिए विधायक**

चिरमिरी मंडल अध्यक्ष रघुनंदन यादव ने बताया कि जितने लड़के थे सब बोले कि विधायक काम कराने के लिए बुलाए थे. पंडाल की ढलाई करने के लिए बुलाया गया था. वहां बैठने पर उनको लड़कों ने बताया कि वे काम से आए है. पार्टी के काम से नहीं आए हैं. इसके बाद विधायक कुछ नहीं बताए, हमको कांग्रेस जॉइन करने का गमछा पहनाकर छोड़ दिए. फिलहाल, नेताओं की सक्रियता बता रही है कि चुनाव की तैयारियां शुरू हो चुकी है. ऐसे में राजनीतिक दलों द्वारा लोगों को अपनी ओर खींचने का प्रयास जारी है. जो मनेंद्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर (टउइ) जिले में देखने को मिल रहा है.

## सड़क एवं सड़क जैसी परिस्थतियों में निवासरत बच्चों के सर्वेक्षण, रेस्क्यू एवं पुर्नवास हेतु अभियान जारी

**मरुधर विशेष, करन सोनी**

कोरिया /महिला एवं बाल विकास विभाग जिला बाल संरक्षण अधिकार ने बताया कि सड़क एवं सड़क जैसी परिस्थितियों में रहने वाले बच्चों के सर्वेक्षण, रेस्क्यू तथा पुनर्वास की कार्यवाही हेतु अभियान जारी है। अविभाजित कोरिया जिले में लगातार सड़क के किनारे रहने वाले व कठिन परिस्थितियों मे अपना जीवन यापन करने वाले बच्चो का रेस्क्यू अभियान चलाया जा रहा है पूर्व मे संचालित अभियान अन्तर्गत जिले मे 12 बच्चों को सड़क के किनारे भीख मांगते हुये पाया गया। रेस्क्यू कर ऐसे बच्चों को देखरेख संरक्षण के लिये संस्थागत देखरेख मे रखा गया। बच्चों को शिक्षा स्वास्थ्य एवं शासन की विभिन्न योजनाओं का लाभ दिलाया गया। मिशनवात्सल्य अन्तर्गत प्रवर्तकता कार्यक्रम का



लाभ दिया गया जिसमे बच्चों को शिक्षा, स्वास्थ्य,पोषण आहार की सुविधाये उपलब्ध करायी गयी है। 28 फरवरी 2023 से 31 मार्च 2023 तक जिले के चिन्हांकित हॉट स्पॉट पर रेस्क्यू अभियान चलाया गया। लगातार चिन्हांकित स्थल पर सड़क एंव सड़क जैसी परिस्थितियों मे रहने वाले एवं कठिन परिस्थितियों मे अपना जीवन यापन करने वाले बच्चों का रेस्क्यू अभियान संचालित करते हुये 38 बच्चों का चिन्हांकन किया गया। सभी 38 बच्चों को जिला बाल संरक्षण इकाई एवं चाईल्ड लाईन की टीम के द्वारा बाल कल्याण समिति मे समाजिक जांच प्रतिवेदन के साथ बच्चों को उपस्थित कराया जा रहा है। समिति मे बच्चों की पृष्ठभूमि का अवलोकन एवं अध्ययन करने के पश्चात बच्चों को देखरेख एवं संरक्षण वाला बच्चा घोषित करते हुये शासन की विभिन्न योजनाओं का का लाभ दिलाने का कार्य किया जा रहा है। शाला त्यागी बच्चों को विद्यालय से जोड़ने का कार्य किया जा रहा है एवं सामाजिक पृष्ठभूमि के आधार पर मिशन वात्सल्य योजना के प्रवर्तकता का लाभ दिलाये जाने हेतु कार्य किया जा रहा हैं। 15 वर्ष के उपर के बच्चों को लाईवलीहुड कालेज से जोड़ कर रोजगार मूलक प्रशिक्षण दिया जाने की कार्ययोजना तैयार की गयी है। पारिवारिक पृष्ठभूमि को ध्यान मे रखते हुये समिति द्वारा कठिन परिस्थितियों मे जीवन यापन करने वाले बच्चों को संस्थागत देखरेख बालगृह मे रखा जा रहा है।

## कुछ घंटे पहले ही जन्मी नवजात को कलयुगी पिता ने कुएं में फेंक दिया, हुई मौत

**मरुधर विशेष, करन सोनी**

सरगुजाः मामला उदयपुर क्षेत्र के झिरमिटी धौरापारा गांव का है. जहां सोमवार को अशवंत पुरी के घर नवजात बच्ची पैदा हुई. लेकिन उसी रात बच्ची के कलयुगी



पिता ने 10 घंटे की नवजात बच्ची को प्लास्टिक के झोले में बांधकर घर के बगल के कुंए फेंक दिया. मंगलवार की सुबह गांव के कुछ लोग कुंए से पानी भरने गए तो कुंए में नवजात की लाश दिखी, जिसके बाद गांव में इसे लेकर चर्चा शुरू हो गई. सुबह अशवंत पुरी ने नवजात को कुंए से निकालकर बगल के गड्ढा खोदकर दफना दिया. आरोपी अशवंत के दो बेटे और एक बेटी है. जब दूसरी बेटी ने जन्म लिया, तो उसने ही अपनी बेटी की हत्या कर दी.न्यायिक मजिस्ट्रेट के साथ पहुंची पुलिसः ग्रामीणों ने घटना की जानकारी उदयपुर पुलिस को दी. जिसके बाद पुलिस हरकत में आई लेकिन नवजात शिशु का मामला होने के कारण पुलिस शासकीय प्रोटोकॉल के अनुसार डॉक्टर, कार्यपालिक मजिस्ट्रेट, नायब तहसीलदार और फॉरेंसिक एक्सपर्ट के साथ पहुंची. पुलिस ने घटना स्थल से न्यायिक मजिस्ट्रेट और डॉक्टरों की निगरानी में नवजात के शव को गड्ढे से निकलवाया.

## गजराज का आतंकः रात के अंधेरे में हाथी ने घरों में की तोड़पोड़, दहशत में ग्रामीण

**मरुधर विशेष, करन सोनी**

एमसीबी/ -जनकपुर वनपरिक्षेत्र अंतर्गत घघरा बीट अंतर्गत सादनटोला में दंतैल हाथी का आतंक मचाया है. हाथी ने लगभग चार घर और बहरासी परिक्षेत्र स्थित



पोड़ी बीट में एक मकान को क्षतिग्रस्त कर दिया है.घटना के बाद इलाके के लोगों में दहशत का माहौल बना हुआ है.बता दें कि, बीती हाथी ने कई घरों को तोड़ दिया है. वहीं रात में हाथी देखने और सेल्फी लेने की होड़ ने ग्रामीणों की भीड़ ने वन अमले लिए सामने मुसीबत खड़ी कर दी थी. घटना की जानकारी मिलते ही मौके पर कोटाडोल तहसीलदार विपल्व श्रीवास्तव, जनकपुर और कोटाडोल थाना स्टॉफ की मदद से वन अमले ने बड़ी घटना को टाल दिया. जानकारी के अनुसार, दंतैल हाथी रापा और पोड़ी बीट के जंगल में विचरण कर रहा है.

## जनदर्शन में लोगों ने बताई अपनी समस्या कलेक्टर ने तत्काल निराकरण करने किया फरमान जारी

**मरुधर विशेष, करन सोनी**

सूरजपुर/ कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित कलेक्टर जनदर्शन में कुल 84 आवेदन प्राप्त हुए। कलेक्टर सुश्री इफ्फत आरा एवं जिला पंचायत सीईओ सुश्री लीना कोसम ने संयुक्त रूप से प्राप्त आवेदनों का अवलोकन करते हुए नियमानुसार



कार्रवाई कर निराकरण करने के निर्देश जिला अधिकारियों को दिए।आज के जनदर्शन में खाता विभाजन, विधवा पेंशन, जमीन बंटवारा, राशन कार्ड, डूबान क्षेत्र के प्रभावित किसान, सड़क दुर्घटना की मुआवजा राशि, आंगनबाड़ी में नियुक्ति संबंधी आवेदन प्राप्त हुए। कलेक्टर ने विधवा पेंशन संबंधी आवेदन का जांच कर निराकरण करने निर्देशित किया। जनदर्शन में श्रमिक पंजीयन, गलत पट्टा के वितरण, ऋण पुस्तिका संबंधी आवेदन भी प्राप्त हुए उसे निराकरण करने कहा। उन्होंने गलत पट्टा वितरण संबंधी आवेदन पर न्यायालय में अपील करने समझाइश दी।

## पंजाब नेशनल बैंक का 129 वां स्थापना दिवस मनाया गया

**मरुधर हिन्द/ रमाकान्त शर्मा**



बानसूर - उपखंड के कस्बा हरसौरा के शिव चौक पर स्थित पंजाब नेशनल बैंक शाखा में गुरुवार को बैंक का 129 वां स्थापना दिवस मनाया गया। सर्वप्रथम लाला लाजपत राय के छायाचित्र के समक्ष पुष्प अर्पित कर एवं केक काटकर बैंक का स्थापना दिवस मनाया गया तथा इस अवसर पर लड्डू बांटकर बैंक कर्मचारियों ने एक दूसरे को बधाई दी। वरिष्ठ शाखा प्रबंधक जगमोहन पाखरिया ने बताया कि 129 साल पहले लाला लाजपत राय ने पंजाब नेशनल बैंक की स्थापना की थी। और आज पूरे देश में पीएनबी की शाखाएं मौजूद है तथा मौजूदा समय में पंजाब नेशनल बैंक देश के अग्रणी बैंकों में शामिल है। शाखा प्रबंधक योगेश कुमार ने बताया कि हरसोरा शाखा के अंतर्गत लगभग चालीस गांव आते हैं। अलवर जिले में पीएनबी का सबसे ज्यादा कृषि ऋण देने वाली बैंक शाखा हरसौरा है। इस अवसर पर सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं के बारे में लोगों को अवगत कराया। इस मौके पर विश्वास मीणा, कैलाश सिंह शेखावत, अशोक सैनी, मोहित सैनी, सुनील कुमार, सतीश चौहान, ईश्वर यादव, सुभाष सैनी, राहुल अंबावत एवं पिंकी मीणा कृषि पर्यवेक्षक सहित गणमान्य लोग मौजूद रहे।

## 8 अप्रैल को गोलीकांड में घायल प्रकाश की इलाज के दौरान हुई मौत

**मरुधर हिन्द/ रमाकान्त शर्मा**



बानसूर - कस्बे में विगत 8 अप्रैल को सुबह 9 बजे गोलीकांड में घायल हुए प्रकाश यादव निवासी हरजी की ढाणी की मंगलवार रात को जयपुर में इलाज के दौरान मौत हो गई। आपको बता दें कि 8 अप्रैल को सुबह 9 बजे पुरानी रंजिश को लेकर बानसूर अनाज मंडी के पास भतीजे अमित यादव ने चाचा प्रकाश यादव को गोली मार दी थी। जिसमें प्रकाश यादव को पेट में गोली लगी थीं। जिसमें प्रकाश यादव गंभीर रूप से घायल हो गया था। ग्रामीणों ने घायल अवस्था में युवक को बानसूर उप जिला अस्पताल पहुंचाया था लेकिन युवक की गंभीर हालत होने पर कोटपूतली रेफर किया गया था जहां डॉक्टरों ने हालत ज्यादा खराब होने के कारण युवक को जयपुर के लिए रेफर कर दिया गया था।इस दौरान गोली मारने वाले आरोपी भतीजे अमित यादव को ग्रामीणों ने मौके पर ही पकड़ कर जमकर धुनाई कर दी थी और पुलिस के हवाले कर दिया गया था। गोली मारने वाला युवक मृतक प्रकाश यादव भतीजा है और पुलिस की हिरासत में है।

## राजस्थान शिक्षक संघ उपशाखा की बैठक हुई संपन्न

**मरुधर विशेष आमिर खान कामां**



कामा - कामा कस्बे की खंडेलवाल धर्मशाला में राजस्थान शिक्षक संघ(राष्ट्रीय) उपशाखा कामां की बैठक आयोजित की गई।बैठक में निर्णय लिया गया कि 14 अप्रैल को अम्बेडकर जयंती को सामाजिक समरसता दिवस के रूप में मनाया जाएगा।बैठक का आयोजन जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष राकेश खण्डेलवाल, पूर्व सभाध्यक्ष नरेंद्र सिंह के मुख्य आतिथ्य में हुआ।बैठक की अध्यक्षता दिगम्बर सिंह प्रजापति उपशाखा अध्यक्ष ने की बैठक में 11 सूत्री मांगपत्र पर सरकार द्वारा सुनवाई करने, वेतन विसंगति दूर करने, एन पी एस फंड को केंद्र सरकार द्वारा शीघ्र राज्य सरकार को देने, सभी कैडर की पदोन्नतियाँ शीघ्र करने, तृतीय श्रेणी शिक्षकों के तबादले खोलने , 20% प्रधानाचार्य पदस्थापन करने, वरिष्ठ अध्यापकों की व्यख्याता पदोन्नति शीघ्र करने आदि समस्याओं पर चर्चा की गई।बैठक में सामाजिक समरसता दिवस का प्रचार प्रसार करने की रणनीति तय की गई बाबा साहेब को माल्यार्पण करने, रैली का स्वागत सत्कार करने का निर्णय लिया गयाबैठक में मंत्री रमेश चन्द्र, जोगेंद्र, योगेन्द्र शर्मा, अकबर खान, वीरेंद्र खोसला, दोलत सैनी, खेमचंद, महेश गुप्ता आदि उपस्थित रहे

## 14 अप्रैल को डॉक्टर भीमराव अंबेडकर जयंती पर बस्ती संपर्क के लिए प्रभारी नियुक्त

**अरुण जोशी ब्यूरो चीफ बांसवाड़ा**

कुशलगढःभारतीय जनता पार्टी एससी मोर्चा जिला बांसवाड़ा द्वारा आज दिनांक 12 अप्रैल 2023 को कुशलगढ़ विधानसभा की बैठक भैरव जी मंदिर परिसर में आहूत की गई बैठक की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष संजय चौहान ने की मुख्य अतिथि जिला मंत्री डूंगरवाल देवड़ा रहे बैठक में आगामी 14 अप्रैल को डॉक्टर भीमराव अंबेडकर जयंती पर बस्ती संपर्क के लिए प्रभारी नियुक्त किए गए एवं सभा में वक्ता के तौर पर गणपत जी पटेल एवं जेना भाई नगर मंडल अध्यक्ष को नियुक्त किया गया साथ ही कार्यसमिति बैठक के लिए संयोजक एवं सहसंयोजक संजय यादव एवं नितेश चौहान को नियुक्त किया गया आगामी 30 अप्रैल को यशस्वी प्रधानमंत्री महोदय के सो वे भाग मन की बात को लेकर बस्तियों में कार्यक्रम रखने के लिए मंडल अध्यक्ष संजय चौहान को प्रभारी बनाएगा बैठक में उपाध्यक्ष एससी मोर्चा गणपत लाल पटेल पार्षद महोदय महावीर जी कोठारी पार्षद दिलीप जी टेलर नगर महामंत्री रामकिशन मकवाना अशोक चौहान नितेश चौहान संजय यादव जगदीश चौहान युवा मोर्चा के राकेश बामणिया आदि सभी ने भाग लिया। ये जानकारी दिलीप टेलर ने दी।

## शांति एवं अहिंसा निदेशालय अलवर जिला मीडिया प्रभारी जेवरिया का किया सम्मान.

**मरुधर विशेष/ जिला रिपोर्टर हवासिंह चौधरी**



मुंडावर। पंचायत समिति मुंडावर सभागार में अलवर जिला शांति एवं अहिंसा प्रकोष्ठ की महात्मा गांधी जीवन दर्शन समिति मुण्डावर की बैठक में जिला मीडिया प्रभारी पद पर नवनियुक्त नवीन जेवरिया के उपखण्ड आगमन पर सम्मान किया गया।ब्लॉक संयोजक महेश गुर्जर के नेतृत्व में शांति एवं अहिंसा विभाग के जिला मीडिया प्रभारी नवीन जेवरिया का माल्यार्पण कर स्वागत एवं सम्मान किया गया।मीडिया प्रभारी नवीन जेवरिया ने उपखंड मुख्यालय पर आयोजित होने वाले प्रशिक्षण शिविर की तैयारियों से पूर्व चर्चा एवं विभिन्न कमेटियों के गठन को लेकर ब्लॉक संयोजक एवं गांधीवादी कार्यकताओं से विचार विमर्श किया ।बैठक में प्रशिक्षण शिविर हेतु वॉलिन्टियर,राजीव गांधी युवा मित्र,प्रेरक सहित सभी गांधीवादी कार्यकताओं की कमेटी गठित कर उन्हें जिम्मेदारी सौंपी।

## सांईबाबा मंदिर में आयोजित महोत्सव में महाआरती में उमड़े श्रद्धालु

**मरुधर विशेष/विजय सिंह**



खैरथल 12 अप्रैल। पहाड़ी वाले सांईबाबा मंदिर के स्थापना दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में दिन भर धार्मिक अनुष्ठान के बाद सांय महाआरती में श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ पड़ा।सांईबाबा सेवा समिति के जीतू भारती ने बताया कि आयोजन में सुबह हवन-यज्ञ के बाद झंडारोहण व उसके बाद आम भंडारा किया गया। जबकि दिन भर भजन कीर्तन के चलते सांय महाआरती की गई। श्रद्धालुओं ने देर शाम तक मंदिर में शीश नवा मन्नतें मांगी व प्रसाद ग्रहण किया। इसमें पूर्व प्रधान ओमप्रकाश रोघा,किशन भारती, मुखी वासदेव दासवानी, महेश भल्ला,जीतू भारती, समाजसेवी घनश्याम भारती,चाचू बालानी,किशन बालानी, धर्मदास गनवानी, तोलाराम, विजय कुमार, नंदकिशोर मंगलानी, भगवान नाथवानी,तरुण निहालानी, सहित बड़ी संख्या में फल सब्जी विक्रेताओं ने सेवा में सहयोग किया।

# हमारे देश के नेताओं की मानसिकता में सामंतवाद क्यों.लक्ष्मी सिन्हा

**मरुधर विशेष/संवाददाता शिवकुमार मौर्य**



बिहार पटना : समाज सेविका लक्ष्मी सिन्हा ने कहा कि स्वतंत्रता के समय देश में सामंतवादी, अभिजात्य वादी आर जमींदारी व्यवस्था थी। अंग्रेजों से तो हमने मुक्ति पाई, लेकिन उस समय सत्ता पर काबिज होने वाले जनप्रतिनिधि इस समंजवादी मानसिकता से मुक्ति नहीं हो पाए। स्वयं के साथ विशेष व्यवहार किया जाना उन्हें अच्छा लगने लगा। धीरे-धीरे यही संस्कृति राजनीतिक में वीआइपी संस्कृति की वाहक बन गई। लोकतंत्र में जनप्रतिनिधि और नेता स्वयं को जन सेवक के रूप में पेश करते हैं, लेकिन अधिकतर जनप्रतिनिधि 'जनस्वामी'का लबादा ओढ़ लेते हैं। यह बात ग्राम पंचायत से लेकर सांसद तक लागू होती है। चुनावों के पूर्व वे जनता के पीछे होते हैं, चुनावों के बाद जनता उनके पीछे-पीछे। जिस ढंग से जनता चुनावों में अपने प्रत्याशियों और पार्टी की विजय का हर्षोल्लास से उत्सव मनाती है, जिस चमक-दमक से प्रशासन नवनिर्वाचित प्रतिनिधियों को तरजीह देता है और जिस प्रकार अखबारों व टीवी चैनलों में उनका बोलबाला दिखाया जाता है, उससे वे अपने को वरिष्ठजन 'वीआइपी' समझने लगते हैं। वे अपने को सामान्य नागरिकों से श्रेष्ठ मानने लगते हैं। चाहते हैं कि उन पर समाज, प्रशासन और शासन के सभी लोग विशेष ध्यान दें और उनका काम प्राथमिकता के आधार पर तत्काल किया जाए, चाहे उसके लिए कानूनों की अवहेलना ही क्यों ना करनी पड़े। आखिर ऐसा क्यों ? क्यों वे जनसेवक की छवि का परित्याग कर शासक या जनस्वामी के रूप में व्यवहार करने लगते है ? तुलसीदास ने रामचरितमानस में लिखा है, नहिं कोई असर जनमा जग माहीं, प्रभुता पाई जाहि मद नाहीं। लेकिन लोकतंत्र में यदि जनप्रतिनिधियों ने प्रभुता पाई है, तो वह जनता की अमानत है ।वे यदि प्रभुता का प्रयोग कर रहे हैं तो इसलिए कि उसके प्रयोग की आज्ञा संप्रभु जनता ने दी है। तो हमारे जनप्रतिनिधियों का आचरण राजनीतिक और सामाजिक क्षेत्र में अभिजन जैसा क्यों होता है ? किसी भी लोकतांत्रिक समाज की राजनीतिक को समझने के लिए उसकी राजनीतिक-संस्कृतिको समझना जरूरी है ।राजनीतिक-संस्कृति एक पालना जैसा है जिसमें लोकतंत्र जैसा शिशु झूलता है, पुष्पित पल्लवित होता है। ये पालना वस्तर में समाज के द्दष्टिकोण विश्वासों और मूल्यों से बनता है। स्वतंत्रता के समय हमारे समाज में समंजवादी व्यवस्था थी, जमींदारी व्यवस्था थी, माई-बाप संस्कृति थी। स्वतंत्रता के जोश में सत्ता के गलियारों में प्रवेश पाने वाले लोगों ने अंग्रेज शासकों से तो स्वतंत्रता प्राप्त कर ली थी, लेकिन उस सामंतवादी मानसिकता और माई-बाप संस्कृति से नहीं। उस संस्कृति को वह भी पसंद करने लगे और धीरे-धीरे उनका व्यवहार देसी-अंग्रेजों जैसा हो गया। हमने राजनीतिक संरचनाओं और प्रक्रियाओं को तो उसके लोकतांत्रिक स्वरूप में स्वीकार किया, लेकिन अपनी अभिजात्यवगीय समंतवादी मानसिकता का परित्याग नहीं किया। यही कारण है कि आज हम और हमारे जनप्रतिनिधि दोनों ही राजनीतिक और प्रशासन में वीआइपी संस्कृति को स्वीकार कर चुके हैं। परिणामस्वरूप, वीआईपी संस्कृति से लबरेज लोगों द्वारा अपनी गाड़ी पर लाल- नीली बत्ती लगाना, सरकारी खर्च पर सुरक्षा कार्ड प्राप्त करना, सार्वजनिक स्थलों पर अभद्र व्यवहार करना, यातायात नियमों की धज्जियां उड़ाना जैसे उनका एकधिकार सा हो गया है। आम नागरिक के पास कोई तरीका नहीं है कि स्थानीय स्तर पर वे इसका विरोध कर सकें। सामाजिक सामंतवाद ने राजनीतिक सामंतवाद का सब रूप ग्रहण कर लिया है जिससे स्वतंत्रता, समानता और समाजिक - न्याय के संवैधानिक संकल्पों की धज्जियां उड़ रही है। हजारों तथाकथित वीआईपी की सुरक्षा पर प्रतिवर्ष जनता का करोड़ों रुपया खर्च हो रहा है और जनता में असमानता व असुरक्षा की भावना घर कर रही है, जिससे लोगों में आक्रोश भी बढ़ता जा रहा है। सर्वोच्च न्यायालय ने 2013 में एक निर्णय में सरकार से पूछा था कि वीआईपी या लालबत्ती संस्कृति कब समाप्त होगी?

# उत्तर प्रदेश जनपद रायबरेली सलोन तहसील बना आराम का अड्डा

**मरुधर विशेष/संवाददाता शिवकुमार मौर्य**



सलोन रायबरेली कुर्सी पर सोते कर्मचारी धूप में झुलस से फरियादी यह नजारा सलोन तहसील का है जोकि अधिकारियों और कर्मचारियों के सोने का अड्डा बना हुआ है आप दोपहर के समय तहसील परिसर में आइए और देखिए जो तस्वीर आपको अफसरशाही की घोर लापरवाही का साक्षात प्रमाण दे रहे हैं इनमें से कोई फोटो में देखा जा सकता है कि एक तरफ जहां सरकारी पटल पर कार्यरत कर्मचारी कुर्सी पर सोते हुए दिख रहे हैं तो वहीं दूसरी तरफ चिलचिलाती धूप में बीमा कंपनियों में फंसे पैसे को पाने के लिए महिलाएं और पुरुष फार्म जमा करने के लिए लाइन में लगे हुए हैं कुछ भी हो केबिन में खुशियों पर बैठकर दिन काट रहे जिम्मेदारों को देखकर तहसील के कुछ कर्मचारी पंखे का लुफ्त उठाते हुए आराम से सो कर समय काट रहे हैं किंतु जो महिलाएं लाइन में खड़ी उनका गुस्सा सरकार के प्रति सातवें आसमान पर दिखाई दे रहा है सलोन तहसील में भी योगीराज कभी आएगा या अधिकारी राज ही चलता रहेगा इसका उत्तर मिलना बहुत कठिन है सलोन तहसील जहां पर जिम्मेदारी मिलना खुशनसीबी है आइए आपको दिखाते हैं मैनेजमेंट गुरुओं से मलाई काटने और कुर्सी पर बैठकर गप्पे बाजी मारने फिर दोपहर भर झपकीं लेने के बाद 4:00 बजे आवास में जाकर सो जाना यहां के जिम्मेदारों का नियम सा बन गया है कुर्सी पर सोते हुए कर्मचारी आपको साफ-साफ दिख रहे हैं और वही बगल में धूप में झुलसते हुए फरियादी लाइन लगाए हुए अपने फॉर्म को जमा करने की राह देख रहे हैं कभी खिड़की बंद हो जाती है तो कभी खुल जाती है मनमाने तरीके से तहसील कर्मचारी काम करते हुए बीमा योजना के पैसे का फार्म को जमा कर रहे हैं सलोन तहसील में योगीराज का कोई असर देखने को नहीं मिल रहा है यहां पर अधिकारी राज अधिकारी राज है अधिकारियों व कर्मचारियों की भ्रष्ट एवं लचर कार्यशैली के चलते रायबरेली जनपद के विधानसभा सलोन भाजपा के इकलौते युवा विधायक अशोक कुमार अधिकारियों के खिलाफ हाल ही में धरने पर बैठे परंतु इसके बावजूद सलोन तहसील में भ्रष्टाचार रुकने का नाम नहीं ले रहा है सरकारी पटल पर तो कहीं चाटुकार नेता लोगों का दखल रहता है और कहीं मैनेजमेंट गुरुओं का इतना सहारा मिल रहा है कि किसी काम की सिफारिश या कोई फार्म हो तो पीछे से कागज के नोट के साथ चिपका कर मैनेजमेंट गुरुओं के सहारे बड़े बड़े कामों का ठेका लिया जाता है योगीराज में सलोन तहसील के अधिकारी बदलने के बावजूद उनकी लचर कार्यशैली का मिजाज वही का वही दिख रहा है जिम्मेदार भ्रष्ट जनता त्रस्त दिनभर मैनेजमेंट गुरुओं का सरकारी पदों पर बैठे कमाओ पुत्रों के सहारे सलोन तहसील चलती दिखाई दे रही है

# अमेठी मुख्य विकास अधिकारी सान्या छाबड़ा ने बुधवार को जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय और जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय का औचक निरीक्षण किया

**मरुधर विशेष/ संवाददाता शिवकुमार मौर्य**



निरीक्षण के दौरान जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय में बीएसए सहित दस कर्मचारी अनुपस्थित पाए गए। वहीं जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय में सभी कर्मचारी मौजूद मिले। सीडीओ ने सभी अनुपस्थित कर्मचारियों का एक दिन का वेतन बाधित करते हुए स्पष्टीकरण तलब किया है। बुधवार की सुबह 10.10 बजे बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय पहुंची सीडीओ को बीएसए संगीता सिंह, प्रधान सहायक राम प्रकाश पांडेय, अनुचर तुलसीराम, डीसी एमडीएम अरुण कुमार, डीसी एमएमआईएस अनिरुद्ध नारायण शुक्ल, डीसी बालिका प्रभाकर मिश्र, डीसी प्रशिक्षण अभिनव पांडेय, डीसी एमआईएस मनीष कुमार मिश्र, कम्प्यूटर आपरेटर श्वेता श्रीवास्तव व चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी तेजभान अनुपस्थित मिले। जिस पर सीडीओ ने बीएसए सहित सभी अनुपस्थित कर्मियों का 12 अप्रैल का वेतन अग्रिम आदेशों तक बाध्य करने का निर्देश दिया। इसके बाद उन्होंने कार्यालय कक्ष का निरीक्षण किया। निरीक्षण में अभिलेखों का रखरखाव संतोषजनक नहीं पाया गया। आलमारियों में संरक्षित अभिलेखों पर नाम पट्टिका इत्यादि का विवरण अंकित नहीं किया गया था। वहीं साफ-सफाई की व्यवस्था भी संतोषजनक नहीं पाई गई। जिस पर सीडीओ ने नाराजगी जताते हुए बीएसए को कमियों को दुरुस्त कराने व अनुपस्थित कर्मियों का स्पष्टीकरण 48 घंटे के अंदर अपने माध्यम से प्रेषित करने का निर्देश दिया। इसके बाद किए गए जिला विद्यालय कार्यालय के निरीक्षण में सभी कर्मचारी मौजूद मिले। हालांकि कार्यालय कक्ष की साफ-सफाई व्यवस्था संतोषजनक नहीं पाई गई। लेखाकार उमेश द्वारा आलमारी में संरक्षित किए जा रहे अभिलेखों पर नाम पट्टी का विवरण चस्पा नहीं किया गया था। जिस पर सीडीओ ने डीआईओएस उदय प्रकाश मिश्रा को समस्त पटलो के अभिलेखों का निरीक्षण करते हुए आलमारी में संरक्षित किए जा रहे अभिलेखों का विवरण चस्पा कराने का निर्देश दिया।

# चोरी की वारदात मुंडावर थाना क्षेत्र के सोडावास- अजरका सड़क मार्ग पर स्थित मुंडनवाड़ा मोड पर तीन दुकानों के टूटे थे

**मरुधर विशेष/ जिला रिपोर्टर हवासिंह चौधरी**



मुंडावर (12 अप्रैल) मुंडावर थाना क्षेत्र के सोडावास - अजरका सड़क मार्ग पर स्थित मुंडनवाड़ा मोड के पास पिछले पांच दिन पूर्व तीन दुकानों के ताले टूटने से हुई चोरी के आरोपियों को गिरफ्तार नहीं करने से आक्रोशित दुकानदारों व ग्रामीणों ने बुधवार को पुलिस थाने के समक्ष आक्रोश जताया। ग्रामीणों का कहना था कि वारदात हुए 5 दिन बीत चुके हैं। लेकिन चोरी का अभी तक कोई सुराग नहीं लग पा रहा है। राजवाड़ा सरपंच रजनी मामचंद के नेतृत्व में गांवो से पिकअप में बैठ कर आए करीब डेड सो ग्रामीणों ने पुलिस थाना के समक्ष पुलिस के खिलाफ करीब एक घंटे तक नारेबाजी करते हुए डटे रहे हैं। विरोध प्रदर्शन कर रहे दुकानदारों का आरोप था कि करीब 2 माह पूर्व भी बदमाशों ने एक दुकान पर बैठे एक दुकानदार पर हमला कर घायल कर गए थे। जिनको आज तक पुलिस गिरफ्तार नहीं कर पाई है। राजवाड़ा सरपंच ने पुलिस की नाकामी पर आरोप लगाते हुए कहा कि थाना क्षेत्र में गुंडागर्दी लूट-खसोट अवैध खनन होने की बात आम हो गई है। पुलिस हाथ पर हाथ धरे बैठी है। गौरतलब है कि वारदात का खुलासा नहीं होने पर ग्रामीणों ने सोमवार को एसडीएम पंकज बडगूजर को ज्ञापन भी सौंपा था। बता दे 5 दिन पूर्व मुंडनवाड़ा मोड़ अज्ञात चोर एक ही रात में तीन दुकानों के ताले तोड़कर इनवेटर बैटरी एवं नगदी वगैरह पार कर ले गए थे। मौके पर बलवंत चौधरी, वीर सिंह चौधरी, हरि सिंह, सरजीत बाबूजी, सतपाल, तेजनारायण, धर्मपाल, नवीन, हरीश स्वामी, पवन स्वामी, प्रदीप ,अमित, मुकेश, सरजीत जगीवाड़ा, जितेंद्र चौधरी आदि मौजूद रहे।

## प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना तहत लाभार्थी को मिला दो लाख का बीमा

**मरूधर विशेष /दिनेश लेखी**



कठूमर। ब्लॉक के समूची गांव में किसल फाउंडेशन की मदत से लाभार्थी दिनेश कुमार सैनी को पंजाब नेशनल बैंक शाखा समूची से दो लाख रुपए का बीमा मिला। लाभार्थी दिनेश कुमार सैनी ने बताया कि पंजाब नेशनल बैंक शाखा समूची में मैंने पिताजी का प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना करवाया था जिसके पक्षात पिताजी का देहांत होने पर मुझे फिल्ड आफिसर प्रिया चौधरी की मदत से दो लाख रुपए का बीमा मिला मनीवाईज स्टाफ की मदत से कठुमर ब्लाक से प्रिया चौधरी ने दिलायाइस मौके पर लाभार्थी दिनेश कुमार सैनी, फिल्ड आफिसर प्रिया चौधरी,बैंक मैनेजर हरिनारायण मीणा, उपप्रबंधक, शिवचरण मीणा, और बैंक का सभी स्टाफ मौजूद रहा और सरपंच मुकेश कुमार सैनी, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता आशा शर्मा और ग्रामीण लोगों मौजूद रहे।

## भारतीय जनता पार्टी महिला मोचार्ने आज मुख्यमंत्री गहलोत के नाम जिला कलेक्टर को दिया ज्ञापन

**अरुण जोशी ब्यूरो चीफ बांसवाड़ा**



बांसवाड़ाःभारतीय जनता पार्टी जिला अध्यक्ष शीतल कोठारी के नेतृत्व में राजस्थान में महिलाओं बालिकाओं एवं किशोरियों पर होने वाले अपराध को रोक कर अपराधियों को सजा दिलाने के लिए जिला कलेक्टर को ज्ञापन दिया गया। ज्ञापन में हाल ही में उदयपुर जिले के मावली तहसील में एक 9 वर्षीय पुत्री के साथ दुष्कर्म कर आरोपी ने निर्मम हत्या कर दी है जिसके शव को शतविक्षित कर दिया है। साथ ही ही बालतोर में दलित महिला के साथ दुष्कर्म के बाद आरोपी ने केमिकल फेंक कर जिंदा जला देने। जैसे विभत्स अपराध आरोपी द्वारा कारित किये गये हैं। जिसकी भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा बांसवाड़ा राजस्थान सरकार ऐसे अपराधों की रोकथाम ना कर पाने के कारण घोर निंदा करते है तथा राज्य सरकार से मांग करते है कि घटनाओं में संगीन आरोपियों को कठोरतम सजा दिलाने की मांग करते हैं। एवं भविष्य में भी इस तरह की घटनाएं राजस्थान में कारित नहीं हो इसके लिए कठोर इंतजाम राज्य सरकार द्वारा करने की मांग की। ज्ञापन देने वालों में भारतीय जनता पार्टी जिला अध्यक्ष महिला मोर्चा शीतल भंडारी जिला महामंत्री पलभा पंड्या,ज्योति रावत, मीना ताबीयार,शांति रमिला,सविता,लक्ष्मी सहित कई महिला मोर्चकी पदाधिकारी मौजूद थे। ये जानकारी भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा जिला महामंत्री पलभा पंड्या ने दी।

## विकास अधिकारी ने विधालय में मिड डे मील का निरीक्षण कर दिए आवश्यक दिशा निर्देश

**मरूधर विशेष /दिनेश लेखी**



कठूमर। पंचायत समिति क्षेत्र के राजकीय विद्यालयों में संचालित मिड डे मील कार्यों का विकास अधिकारी यशवंत शर्मा ने बुधवार को निरीक्षण किया। रिमांशु शर्मा ने बताया कि विकास अधिकारी यशवंत कुमार शर्मा ने कई विद्यालयों में मिड डे मिल कार्य का निरीक्षण किया। जिला कलेक्टर अलवर के आदेश के तहत कठूमर विकास अधिकारी को ग्राम पंचायत मैथना,खेड़ामैदा,मंगोलकी के विद्यालय निरीक्षण हेतु आवंटित किए थे। संस्था प्रधान व पोषाहार प्रभारी को लेखा संधारण व साफ सफाई हेतु विकास अधिकारी ने आवश्यक दिशा निर्देश प्रदान किए। वही ग्राम बेरका में सामाजिक सुरक्षा पेंशन का भी निरीक्षण किया। इस मौके पर ग्राम पंचायत बेरका सरपंच कल्लू रिमांशु शर्मा, हरप्रसाद खरोडिया सहित कई अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे

## अग्निवीर भर्ती की ऑनलाइन परीक्षा 17 अप्रैल से

**मरुधर विशेष/संवाददाता शिवकुमार मौर्य**



उत्तर प्रदेश जनपद अमेठी 12 अप्रैल 2023, भारतीय सेना में अग्निवीर की भर्ती के लिए 17 अप्रैल से 26 अप्रैल 2023 तक ऑनलाइन परीक्षा आयोजित की जाएगी। इस परीक्षा के लिए एआरओ अमेठी के 11 परीक्षा केंद्र चयनित गए हैं, जिसमें से चार परीक्षा केंद्र अयोध्या में है और सात परीक्षा केंद्र प्रयागराज में है। आनलाईन परीक्षा के प्रवेश पत्र भारतीय सेना की वेबसाइट पर अपलोड किए जा चुके हैं। जिस भी कैंडिडेट की प्रवेश पत्र में कोई त्रुटि है, तो सेना भर्ती कार्यालय अमेठी में पहुंचकर उसको सही करवा ले।

## बिजली लाइन टूटने से गेंहू की फसल में लगी आग

**मरुधर हिन्द/ रमाकान्त शर्मा**



बानसूर - उपखंड के गांव श्यामपुरा में एक किसान के खेतों के ऊपर से जा रही 11 हजार केवी बिजली लाइन का तार टूटकर खेत में खड़ी गेहूं की फसल में गिर गया। जिससे किसान की खड़ी गेहूं की फसल में आग लग गई। जानकारी के अनुसार सुबह 9 बजे श्यामपुरा गांव में किसान इन्द्रसिंह पुत्र निहालसिंह के खेतों के ऊपर से जा रही 11 हजार बिजली की लाइन टूटकर खेतों में गिर गयी। जिससे खेत में खड़ी गेहूं की फसल में आग लग गई। आग लगने की सुचना पर मौके पर ग्रामीणों की भीड़ जमा हो गई। इस दौरान विभाग को सुचना देकर बिजली सप्लाई को बंद करवाया गया । ग्रामीणों ने अपने स्तर से आग को काबू करने की कोशिश की लेकिन आग बेकाबू हो गई। जिसे देख ग्रामीणों द्वारा बानसूर नगरपालिका की दमकल गाड़ी को बुलाया और दमकल के कर्मचारियों द्वारा काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। आग लगने से किसान के डेढ़ बीघा खेत में खड़ी गेहूं की फसल जलकर राख हो गई। आग लगने की सूचना बानसूर प्रशासन को दी गई। सुचना पा कर पटवारी मौके पर पहुंचे और किसान के हुए नुकसान की जानकारी ली और रिपोर्ट तैयार कर अधिकारियों को भेजी ।

## सामाजिक सुरक्षा अभियान के तहत शिविर आयोजित

**मरुधर हिन्द/ रमाकान्त शर्मा**



बानसूर - सामाजिक सुरक्षा अभियान के तहत राज्य सरकार की फ्लैगशिप योजनाओं में पात्र व्यक्ति और परिवार को सामाजिक सुरक्षा की योजना में लाभ दिलवाने के लिए बुधवार को पंचायत समिति बानसूर की ग्राम पंचायत हरसौरा, देवसन, भग्गू का बास,बामनवास, माजरा अहीर और किशोरपुरा में शिविर का आयोजन किया गया।एसडीएम राहुल सैनी ने बताया कि जिला कलेक्टर अलवर के नवाचार सामाजिक सुरक्षा अभियान के तहत बुधवार को बानसूर की 6 ग्राम पंचायतों में शिविर आयोजित कर लाभार्थियों को राज्य सरकार की योजनाओं का लाभ दिया गया। इस दौरान शिविर में सामाजिक सुरक्षा पेंशन के पात्र लाभार्थी जिनकी पेंशन स्वीकृत नहीं थी उनके मौके पर ही आवेदन तैयार कर स्वीकृति जारी की गई। वहीं लाभार्थियों के बैंक खाता, जनाधार से जोड़ने का कार्य सहित कन्यादान लाभार्थी, पालनहार योजना की मौके पर आवेदन तैयार कर स्वीकृति जारी की गई। लाभार्थियों को मौके पर ही सरकार की योजनाओं का लाभ मिलने पर उन्होंने सरकार और प्रशासन का आभार जताया है। वहीं योजनाओं से लाभान्वित होने पर लाभार्थियों के चेहरे पर खुशी दिखाई दी।एसडीएम ने बताया कि प्रत्येक बुधवार को पंचायत समिति की पांच पंचायतों में सामाजिक सुरक्षा अभियान शिविर का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें लाभार्थी शिविर में पहुंचकर सरकार की योजनाओं का लाभ उठा सकते हैं। इस दौरान समाज कल्याण विभाग की ओर से मुकेश चौधरी, पंचायत प्रसार अधिकारी अजय वर्मा सहित लाभार्थी मौजूद रहे।

## रीपा केंद्रों का बुरा हाल, कहीं मशीन गायब तो कहीं प्रोडक्शन की कमी

**मरुधर विशेष, करन सोनी**

एमसीबी : छत्तीसगढ़ सरकार ने महात्मा गांधी ग्रामीण औद्योगिक पार्क योजना शुरू की है. इस योजना से ग्रामीण महिलाओं को स्वरोजगार से जोड़ने में मदद मिलेगी. लेकिन मनेंद्रगढ़-चिरमिरी- भरतपुर जिले में इन रीपा पार्क में ताला लटका नजर आ रहा है. स्व सहायता समूह की महिलाएं रीपा सेंटर से नदारद हैं. लोकार्पण के बाद से यहां पर कोई काम शुरू नहीं हुआ है.




कहां बना है रीपा सेंटर : पिपरिया ग्राम पंचायत में बने ग्रामीण औद्योगिक पार्क में मशीनें जस की तस पड़ी हैं. मनेंद्रगढ़ जिले के खड़वां ब्लॉक के दुबछोला रीपा का भी यही हाल है. महात्मा गांधी रूरल इंडस्ट्रियल पार्क (रीपा) में स्व सहायता समूह की महिलाओं को पांच सेक्टर में उद्यमी बनाने के लिए जोड़ा गया है. इंडस्ट्रियल पार्क परिसर में फेब्रिकेशन, प्रोफाइल शीट मेकिंग, बोरी बैग मेकिंग, फ्लाई ऐश ब्रिक्स बनाना, पेवर ब्लॉक, पोल मेकिंग और पूजन सामग्री मेकिंग की यूनिट लगी हैं. लेकिन आधे से ज्यादा यूनिटों में मशीनरी ही नहीं है.लोकार्पण के बाद सफेद हाथी साबित हो रहे सेंटर : लोकार्पण के बाद से अब तक एक भी प्रोडक्शन वर्क शुरू नहीं हुआ है. वहीं पिपरिया में फ्लाई ऐश ब्रिक्स यूनिट लगी है. लेकिन ईंटों की खरीदी बाहर से हो रही है. ब्रिक्स उत्पादन की मशीन यहां से उद्घाटन के बाद से गायब हो गई है. ऐसा ही हाल यहां लगी पेवर ब्लॉक मशीन यूनिट का है. यहां भी यूनिट लगी है, लेकिन मशीन नहीं है. दुबछोला रूरल पार्क परिसर में फ्लाई ऐश यूनिट लगी है.बावजूद इसके परिसर में भवन निर्माण कराने के लिए बाहर से फ्लाई ऐश ब्रिक्स खरीदा जा रहा है.क्या है प्रशासन का कहना : कलेक्टर पीएस ध्रुव से बातचीत के दौरान उन्होंने कहा कि " यहां पर छह रीपा केंद्र हैं. इन केंद्रों में मशीनें लाई गई थीं. फिर कुछ मशीनों को भरतपुर स्थानांतरित किया गया है. इंस्टालमेंट के तहत मशीनों को लाया जा रहा है. फिलहाल चार यूनिट यहां लगाए गए हैं. हफ्तेभर में यहां पर काम शुरू हो जाएगा. महिलाओं को प्रशिक्षण भी दिया जा रहा है. ग्रामीण महिलाएं कर्मठ हैं. वे अच्छे से काम करेंगी. यहां बनने वाले उत्पादों को बाहर पहुंचाकर बेचने की व्यवस्था भी की जाएगी."

## पत्नी ने खाना नहीं दिया तो पति ने पीट-पीटकर मार डाला, पानी पीते ही आ गई मौत

**मरुधर विशेष, करन सोनी**

बैकुंठपुर/ पत्नी ने खाना नहीं दिया तो पति इतना गुस्सा हो गया कि सोमवार की रात उसकी जमकर पिटाई कर दी। हाथ-मुक्के व पैर से उसने पत्नी को अधमरा होते तक मारा। सुबह पत्नी ने पति से पानी मांगा। पति पानी देकर बंधे मवेशियों को खोलने गया। लौटा तो पत्नी की मौत हो चुकी थी। यह जानकारी उसने अपने पड़ोसी को दी। पड़ोसी ने मामले की रिपोर्ट थाने में दी। शिकायत पर पुलिस ने महिला का शव बरामद कर पीएम के लिए भिजवाया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज कर लिया है।




कोरिया जिले के बैकुंठपुर कोतवाली अंतर्गत ग्राम पिपरहिया निवासी चिंतावन सिंह 48 वर्ष अपनी पत्नी प्रमिला 45 वर्ष के साथ रहता था। शराब के नशे में अक्सर दोनों के बीच विवाद होता रहता था।सोमवार की रात करीब 9 बजे दोनों झगड़ा कर रहे थे। बताया जा रहा है कि रात में काम से लौटने के बाद चिंतावन सिंह ने पत्नी से खाना मांगा। इस पर पत्नी ने उसे नहीं दिया।इससे वह काफी गुस्सा हो गया और पत्नी को घसीटते हुए आंगन में फेंक दिया। इसके बाद उसकी हाथ-मुक्के व पैर से अधमरा होते तक पिटाई की। मारपीट से गंभीर चोट लगने से सोमवार की सुबह पत्नी की मौत हो गई।

**पड़ोसी को दी जानकारी**

आरोपी चिंतावन सिंह ने मंगलवार की सुबह अपने पड़ोसी बसंत सिंह को बताया कि रात में पत्नी से उसने मारपीट की थी। उसने कहा कि सुबह उठा तो पत्नी ने उससे पानी मांगा। पानी पिलाकर वह बैलों को खोलने गया था। वहां से लौटा तो पत्नी की मौत हो चुकी थी। जब वह देखने गया तो पत्नी मरी पड़ी थी और उसका चेहरा सूजा हुआ था।

**पुलिस ने दर्ज किया अपराध**

पड़ोसी बसंत सिंह ने मामले की सूचना बैकुंठपुर कोतवाली पुलिस को दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और महिला का शव बरामद कर पीएम के लिए अस्पताल भिजवाया। पुलिस ने आरोपी पति के खिलाफ अपराध दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया है।

## ठेका प्रथा खत्म करने की मांग, प्लेसमेंट कर्मचारियों का विरोध प्रदर्शन

**मरुधर विशेष, करन सोनी**

एमसीबी। जिला मुख्यालय मनेंद्रगढ़ में प्लेसमेंट कर्मचारियों द्वारा अपनी तीन सूत्रीय मांगों को लेकर धरना प्रदर्शन किया जा रहा है जिसमें बड़ी संख्या में जिले के प्लेसमेंट कर्मचारी मौजूद रहे। यह धरना नगरीय निकाय प्लेसमेंट कर्मचारी महासंघ के आह्वान पर किया जा रहा है साथ ही उनकी मांगें जल्द पूरी नहीं होने पर आगे उग्र आंदोलन की चेतावनी भी दी गई है।



**तीन सूत्रीय मांगों को लेकर किया प्रदर्शन**

अपनी तीन सूत्रीय मांगों को लेकर प्रदर्शन कर रहे कर्मचारियों ने कहा की सभी नगरीय निकायों से प्लेसमेंट या ठेका प्रथा को खत्म करना चाहिए। इसके साथ ही प्लेसमेंट कर्मचारियों का नगरीय निकायों में समायोजन किया जाये। इसके अलावा कर्मचारियों को नियमित वेतन भुगतान किया जाये। नगरीय निकायों में कार्यरत प्लेसमेंट कर्मचारियों को नियमित किया जाये। उन्हें 62 वर्ष तक नौकरी दी जाये। नगरीय निकायों में कार्यरत किसी भी प्लेसमेंट कर्मी को सेवा से अलग न किया जाये।अपनी जायज मांगों को लेकर कर्मचारियों ने सरकार से मांगें पूरी करने की मांग की है। कर्मचारियों के हड़ताल पर चले जाने से नगरीय निकायों का काम भी प्रभावित हो रहा है साथ ही आम जनता को भी कई तरह की दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। इस अवसर पर सरगुजा संभाग अध्यक्ष सौरभ यादव, एमसीबी जिला अध्यक्ष संतोष दीवान, निकाय अध्यक्ष मो. अजीज मंसूरी, निकाय उपाध्यक्ष राजेश यादव, मो. अनवर के साथ काफी संख्या में विभिन्न निकायों के कर्मचारी उपस्थित रहे।

## बैंक के भीड़भाड़ वाले स्थानों पर संदिग्धों पर रखी जा रही नजर,सुरक्षा व्यवस्था को पुख्ता करने पुलिस के अधिकारी व जवान कर रहे क्षेत्र में पैदल गश्त व पेट्रोलिंग

**मरुधर विशेष, करन सोनी**

सूरजपुर। पुलिस अधीक्षक रामकृष्ण साहू ने जिले के पुलिस अधिकारियों को विजिबल पुलिसिंग एवं शाम-रात्रि के वख्त थाना-चौकी क्षेत्र में पैदल गश्त करने तथा क्षेत्र में संवेदनशीलता के साथ पेट्रोलिंग कर सुरक्षा व्यवस्था को और पुख्ता करने के निर्देश दिए है। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मधुलिका सिंह के मार्गदर्शन में जिले के थाना-चौकी की पुलिस के द्वारा भीड़भाड़ वाले स्थानों सहित क्षेत्र में पैदल गश्त के साथ ही लगातार पेट्रोलिंग की जा रही है। सड़क किनारे स्थित दुकानदारों को दुकान के सामने सड़क पर वाहन खड़ा न करने की समझाईश दी जा रही है। पुलिस के द्वारा विशेष



सतर्कता बरतते हुए क्षेत्र के भीड़-भाड़ वाले स्थानों पर लगातार अपनी मौजूदगी बनाए हुए है, बैंकों के चेकिंग कर संदिग्धों पर निगाह रखी जा रही है। शस्त्र लायसेंस धारियों के घर पर जाकर उन्हें चेक भी किया जा रहा है।जिले में थाना-चौकी प्रभारी सहित पुलिस की पेट्रोलिंग पार्टी लगातार क्षेत्र में मुस्तैदी एवं संवेदनशीलता के साथ प्रभावी रूप से पेट्रोलिंग करते दिखी। इस दौरान पुलिस के द्वारा सुरक्षा के दृष्टि से वाहनों की चेकिंग भी की गई। पैदल गश्त से जहां असामाजिक तत्वों में भय होगा, वहीं नागरिक पुलिस की गश्त से सुरक्षा का एहसास कर रहे हैं। गश्त के दौरान पुलिस ने संदिग्ध लोगों से पूछताछ भी करते नजर आई।

# वंदे भारत ट्रैन का खैरथल की जनता ने किया जोरदार स्वागत,बांटी मिठाई नहीं पहुंचे क्षेत्रीय सांसद-विधायक

**मरुधर विशेष/विजय सिंह**

खैरथल 12 अप्रैल। राजस्थान की प्रथम तेज गति की ट्रेन वन्दे भारत का खैरथल में पहुंचने पर हजारों लोगों द्वारा जोरदार स्वागत किया गया।ट्रेन के प्लेटफार्म पर आते ही भारत माता की जय हो और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के समर्थन में नारे गूंजने लगे। किसान नेता एवं समाजसेवी टिल्लू शर्मा, दीपक चौधरी सहित गणमान्य लोगों ने ट्रेन चालक दल व गार्ड को माल्यार्पण कर स्वागत किया व मीठा मुंह कराया। इन्द्रा हैप्पी सीनियर सेकेंडरी स्कूल के बच्चों मानवी कपूर ,संध्या मंगलानी, नीलम मंगलानी, साक्षी मंगलानी, देवांगी लालवानी ,परी, पिया कपूर ,शानवी मिश्रा, सिया पवार, राखी,वंश खुराना ,नवदीप ,जतिन ,यशवीर ,साहिल, भावेश ,केशव, गौरव, आवेश, नमन, हर्ष सैन ,प्रिंस द्वारा विद्यालय निदेशक एवं खैरथल प्रेस क्लब अध्यक्ष व अंतरराष्ट्रीय पत्रकार संघ दिल्ली के प्रदेश अध्यक्ष पंकज खुराना की अगुवाई में सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देने के साथ ट्रेन के आने पर राष्ट्रीय ध्वज की झंडियां लहराते वन्दे मातरम् के साथ भव्य स्वागत किया। इस दौरान टीचर्स निशा मंगलानी ,निकिता गुप्ता ,महिमा



चंगानी ,महेश भी बच्चों का सहयोग किया।इस अवसर पर रेलवे के सीकर से आए सीएम आई रामबीर यादव व जयपुर के सी एम आई मोहन राम मीणा व स्टेशन मास्टर छोटे लाल मीणा नगर पालिका खैरथल के उपाध्यक्ष वरुण डाटा , मंडल अध्यक्ष प्रमिल जसोरिया, गौरव छाबड़ा बाबूलाल (संगम), बाबूलाल गुप्ता, कवलजीत सिंह, वासुदेव मखीजा ,पार्षद विनोद वलेचा ,जयदीप राणा, सुरजीत सिंह, बलवीर सैनी, डॉ अनिल मांधु, सोनू लोड़ा, दीपक माधु ,प्रभाष जोशी, पुरवानस जोशी, प्रहलाद जोशी, खेम भगत, कसमीरीलाल छाबडा ,मोहनलाल सैनी आदि मौजूद रहे। कार्यक्रम के दौरान इस ट्रेन की झलक पाने के प्रति उत्साहित हजारों लोगों की भीड बुधवार को निर्धारित समय से काफी पहले ही दोनों प्लेटफार्मों पर जमा होने का सिलसिला शुरू हो गया। वहीं समीपवर्ती गांव वल्लभग्राम,ठेकरा,घाटला, हरसौली के साथ शहर से गुजरते रेलवे ट्रैक के दोनों तरफ जगह-जगह पर लोगों में ट्रेन की झलक पाने की ललक बनी हुई थी।रेलवे प्लैटफॉर्म पर बाकायदा बनाए गए मंच पर ध्वनि विस्तारक यंत्र और बैठने को कुर्सियां लगाई गई थी वहीं एक बड़ा स्क्रीन पर लाइव गतिविधियां दिखाने की व्यवस्था के बावजूद कोई भी जनप्रतिनिधि मौजूद नहीं होने से लोगों में आश्चर्य का भाव देखने को मिला।लोगों को उम्मीद थी कि सांसद बालक नाथ अलवर में कार्यक्रम करने के बाद इसी ट्रेन से खैरथल आएंगे किन्तु वे भी नहीं आए तो लोग निराश हो गए। वैसे रेलवे प्रशासन की ओर से सांसद बालक नाथ व क्षेत्रीय विधायक दीपचंद खैरिया को आंमत्रित किया गया था। किसान नेता टिल्लू भाई शर्मा के नेतृत्व में पुष्करणा ब्राह्मण समाज के एक शिष्टमंडल ने माल एक्सप्रेस ट्रेन का खैरथल में ठहराव व इंटरसिटी एक्सप्रेस को पूर्ववत समय पर चलाने और सिन्धी समाज की ओर से जयपुर अलवर खैरथल स्पेशल ट्रेन को फिर से चालू करने का ज्ञापन रेलवे अधिकारियों को दिया गया। इस पर स्टेशन मास्टर छोटे लाल मीणा आश्वासन देते हुए कहां की जो मांग की गई है उच्च अधिकारियों को अवगत कराया जाएगा और खैरथल स्टेशन पर मालनी एक्सप्रेस ट्रेन सहित अन्य ट्रेनों का ठहराव का प्रयास किया जाएगा। मंच का संचालन किसान नेता टिल्लू शर्मा व प्रहलाद मंगलानी ने किया। उधर रेलवे फाटक पर भी ट्रेन को देखने के लिए सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

# अम्बेडकर जयंती के उपलक्ष्य में सांस्कृतिक कार्यक्रम व प्रतिभा सम्मान समारोह 14 अप्रैल को

**मरुधर विशेष/ जिला रिपोर्टर हवासिंह चौधरी**

नीमराना ।अम्बेडकर जयंती के उपलक्ष्य में सांस्कृतिक कार्यक्रम व प्रतिभा सम्मान समारोह किया जाएगा मीडिया प्रभारी जोगेन्द्र धनवाल ने बताया किवाल्मीकि धर्मशाला(शाहजहाँपुर-बर्डोद रोड)समय प्रातः 9:00 बजे सभी को अतिहर्ष के साथ सूचित किया कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी 14अप्रैल2023 को वाल्मीकि धर्मशाला,शाहजहाँपुर में भारत रत्न बाबा साहेब डॉ भीमराव अम्बेडकर जी की 132वी जयंती बड़े ही धूमधाम से मनाई जा रही है! इस दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रम व प्रतिभा सम्मान समारोह का भी आयोजन किया जा रहा है !प्रतिभा सम्मान समारोह में जो नियमों के अनुरूप योग्यता रखता हो उसे सम्मानित किया जाएगा




नियमः- शाहजहाँपुर क्षेत्र के नजदीक के बहुजन समाज से ऐसी प्रतिभाएं :-
जिन्होंने सत्र 2021-22 में कक्षा 10वीं एवं 12वीं(सभी संकाय) में 75 प्रतिशत या उससे अधिक अंक हासिल किए हो
2.जिन्होंने सत्र 2021-22 में स्नातक व स्नातकोत्तर एवं बीएड/बीएसटीसी में 75% प्रतिशत या उससे अधिक अंक हासिल किए हो
3. जिन्होंने 14अप्रैल2022 से 14अप्रैल2023 के मध्य जिला स्तर या कोई भी उच्च स्तर पर किसी भी खेल में कोई भी मैडल प्राप्त किया हो!
4. जिन्होंने 14अप्रैल2022 से 14अप्रैल2023 के मध्य सरकारी सेवा में कार्य ग्रहण किया हो!

प्रतिभा सम्मान समारोह में सम्मानित होने के लिए शाहजहाँपुर क्षेत्र से बहुजन समाज की समस्त प्रतिभाएं 13अप्रैल2023 शाम 6:00बजे तक अपनी अंकतालिका,प्रमाण पत्र व पहचान दस्तावेज 9057797275 पर व्हाट्सएप्प कर देवे! नीमराणा कस्बे के भंवरी रोड रोड स्थित बावड़ी रोड स्थित बाल्मीकि मंदिर के पास भारत रतन डॉ भीमराव अंबेडकर की 132 भी जयंती वी जयंती मनाई जाएगी इस कार्यक्रम के आयोजक बाल्मिक समाज के अध्यक्ष संतोष बाल्मीकि ने बताया उधर ऐतिहासिक तालाब परिसर के पास डॉक्टर भीमराव अंबेडकर पार्क में बाबा साहब की 132 वी जयंती बड़े धूमधाम के साथ मनाई जाएगी कार्यक्रम के डॉ भीमराव अंबेडकर समिति के अध्यक्ष जय दाल थानेदार व एडवोकेट जितेंद्र सामरिया ने बताया की झांकी नीमराणा बाल्मीकि मंदिर से बैंड बाजों के साथ प्रारंभ होकर मुख्य मार्गो से होती हुई अंबेडकर पार्क पहुंचेगी वहां पर सांस्कृतिक प्रोग्राम है की प्रस्तुति देंगे

# आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना के सभागार में धूम धाम से मनाई गई महान समाज सुधारक महात्मा ज्योतिबा राव फूले जी की जयंती

**मरुधर विशेष/संवाददाता शिवकुमार मौर्य**

रायबरेली - 11 अप्रैल दिन मंगलवार वर्कर क्लब आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना रायबरेली के सभागार में महान समाज सुधारक महात्मा ज्योतिबा राव फूले जी की जयंती का एक भव्य कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें कर्मचारियों के परिवार ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन कर मुख्य अतिथि लाइजन ऑफिसर श्री एलबी सिंह मौर्य कार्यकारी अभियंता जी के कर कमलों द्वारा किया गया। तत्पश्चात उपस्थित सभी अधिकारी गणों एवं एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने तथा सभी कर्मचारियों ने उनकी प्रतिमा में पुष्प अर्पित किया। विशिष्ट अतिथि के रूप में श्री राम रंजन जी सहायक कार्यशाला प्रबन्धक श्री गणेश दत्त जी सहायक सामग्री प्रबंधक श्री राजेश जी सहायक सामग्री प्रबंधक शामिल हुए। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए ओबीसी एसोसिएशन के सचिव ओमप्रकाश मौर्य जी एवं वर्करक्लब के सचिवश्री विनोद यादव जी ने उनके द्वारा समाज के प्रति योगदान पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम का संचालन कोषाध्यक्ष श्री मुनेश कुमार पटेल जी ने किया। इस मौके पर कार्यक्रम



आयोजक ( ओबीसी एसोसिएशन के अध्यक्ष श्री रंजीत यादव जी, सचिव श्री ओमप्रकाश मौर्य जी, कोषाध्यक्ष मुनेश पटेल जी एवं कोर कमेटी सदस्य -श्री मिथिलेश कुमार जी , श्री विनोद यादव जी, श्री संतोष मौर्य जी, श्री अनिल कुमार पटेल जी, श्री जितेंद्र कुमार जी ,श्री योगेंद्र यादव जी, श्री दिनेश कुमार जी, श्री प्रिंस कुमार जी, शिवप्रताप प्रजापति जी, श्री संजय कुमार श्री नरदेव सिंह सुनील जी अंशु पाल जी सुधीर कुमार संतोष कुमार प्रभात कुमार पटेल कृशन कुमार प्रभु अरविंद सिंह आदि सैकड़ो की संख्या मे लोग उपस्थित रहे। ओबीसी एसोसिएशन द्वारा महान समाज सुधारक महात्मा ज्योतिबा फुले के जीवन संघर्षों पर बच्चो की प्रतियोगिता का आयोजन तीन ग्रुप मे किया गया ।

जिसमे कक्षा 3- 5, में प्रिंसी सिन्हा 20 में 20 अंक लाकर प्रथम स्थान दिशा सिंह , आयुष राज 20 में 19 अंक लाकर द्वितीय स्थान सत्यम शिवराज 20 में 18 अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान प्राप्त किया ।

कक्षा 6- 8 में रीता यादव 25 में 25 अंक लाकर प्रथम स्थान एवं तरुण कुमार, पीयूष कुमार ,शुभम कुमार, वैभव सिंह, खुशी कुमारी मीना , जिज्ञासा ने 25 में 27 अंक प्राप्त कर द्वितीय स्थान एवं विनीता कुमारी, शुभम यादव, सुप्रिया, रोशनी रूपाली ,सुरभि कुमारी, मोनिका वर्मा, खुशी शाक्य, सिद्धार्थ शिखर ने 25 में 23 अंक लाकर तृतीय स्थान प्राप्त किया।

कक्षा 9- 11में रिधी सिंह ने 30 में 30 अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान एवं सुमित पाल 30 में 27 अंक प्राप्त कर द्वितीय स्थान एवं अनुष्का प्रजापति ने 30 में 26 अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान प्राप्त किया ।

अपने महापुरुषों के संघर्षों को याद करते हुए समतामूलक समाज , मानव - मानव एक समान, स्त्री पुरुष में समानता हो की दिशा में कार्य करने का संकल्प लिया एक बार पुनः शिक्षा मानव का अधिकार है, आप की उन्नति शिक्षा से ही हो सकती है का नारा देने वाले महात्मा ज्योतिबा फुले के जन्म दिवस पर आप सभी देश वासियों को बधाई एवं हार्दिक शुभकामनाएं दी गयी ।

# सामाजिक सुरक्षा पेंशन सत्यापन के लिए कैंप का हुआ आयोजन

**मरूधर विशेष/ दिनेश लेखी**

कठूमर। ब्लॉक कठूमर की ग्राम पंचायत बेरका में राजीव गाँधी अटल सेवा केंद्र पर सरपंच कल्लू राम अध्यक्षता में सामाजिक सुरक्षा पेंशन सत्यापन के कैंप का आयोजन किया गया।महिला अधिकारिता विभाग से ग्राम साथिन रुचि रानी ने राज्य सरकार की चल रही योजनाओं के बारे में बताया की महिलाओं और बालिकाओं को सशक्त व आत्मनिर्भर बनाने के लिए सरकार बहुत सारी योजनाएं चलाई जा रही है। मुख्यमंत्री वर्क फ्रॉम होम जॉब वर्क योजना, इंदिरा महिला शक्ति योजना आरएससीआईटी, आरएससीएफए शिक्षा सेतु योजना, कन्यादान योजना, राजश्री योजना, सुकन्या योजना आईएम शक्ति उड़ान योजना, महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा के लिए सखी केंद्र पर महिला सुरक्षा एवं सलाह केंद्र हिंसा से संबंधित सभी समस्याओं के निदान के लिए भरोसेमंद केंद्र एक ही छत के नीचे पीड़ित महिलाओं की समस्याओं का समाधान सभी जिला मुख्यालयों पर वन स्टॉप सेंटर सखी केंद्र संचालित पुलिस थानों में महिला सुरक्षा एवं सलाह केंद्र संचालित है। वही महिलाओं बालिकाओं से जुड़ी सभी योजनाओं के बारे में जन जागरूकता फैलाई का प्रचार प्रसार के माध्यम से उनको जागरूक किया। इस मोके पर यशवंत शर्मा विकास अधिकारी, सरपंच कल्लू राम, रिमांशु शर्मा व कर्मचारी एंव जनप्रतिनिधि आंगनवाड़ी कार्यकर्ता,आशा सहयोगिनी पुरुष व महिलाओं की उपस्थिति रही।



## 16 अप्रेल को अहिर जन जाग्रति सम्मेलन मे पहुंचने को लेकर गाव गाव घर घर पिले चावल

**मरुधर विशेष/जिला रिपोर्टर हवासिंह चौधरी**

मुंडावर। अहिर जनजागृति सम्मेलन को लेकर समन्वय समिति ने सोडावास के समीप गाव धोंकलनगर, माजरी खोला, पदमाड़ा खुर्द, क र ा ि क ो ट , खोहरी,भुनगड़ा,सानोली,जालावास,मनेठी गांवों में दौरा कर 16 अप्रैल को वीपी रोड़ मानसरोवर जयपुर में होने वाले अहिर जनजागृति सम्मेलन में अधिक से अधिक संख्या पहुंचकर सम्मेलन को सफल बनाने को लेकर अहिर समाज के लोगो ने गाव गाव, घर घर पहुंच कर पिले चावल देकर जयपुर पहुंचने का आह्वान किया । अहिर समाज के लोगों ने स्वयं के खर्चे पर ज्यादा ज्यादा पहुंचकर सम्मेलन को सफल बनाने का आश्वासन दिया ।इस मौके पर समन्वय समिति के सुरेश यादव बल्लूवास, जिला पार्षद भीमराज यादव, सुबेदार रघुवीर सिंह, ओमप्रकाश पूर्व व्याख्याता, घमंडी यादव, दलीप यादव बल्लूवास शित अनेक समाज के लोग मौजूद रहे।



## पूरा कस्बा परेशान जिम्मेदारों ने मुंह मोड़ा

**मरुधर विशेष/ जिला रिपोर्टर हवासिंह चौधरी**

मुंडावर। नवनिर्मित मार्ग , पूरी तरह से सड़क बाजार से खोद दी गई है । व्यापारियों की सहनशक्ति और जिम्मेदारी की लापरवाही की हद पार हो चुकी है । सोडावास बाजार का मुंडावर सड़क व अजरका सड़क मार्ग का निर्माण चल रहा है । बाजार से सड़क खोद दी । दो माह बीत गये सड़क का निर्माण न होने से बाजार के व्यापारियों की हालत दयनीय बन चुकी है । दुकानों का किराया भी नही निकल पा रहा है । आपको बता दें 2 माह पूर्व इस सड़क की खुदाई कर दी । संपूर्ण बाजार में यह सड़क नहीं यातना सड़क है । सड़क की एक साइड गहरी खाई व दूसरी और ऊंचाई । वाहन वालों ने इधर से अपने रास्ते भी बदल दिए । स्कूल में जाने वाले छात्र-छात्राओं को साइकिल से जाना आना पड़ता है मगर वे बाजार में से साइकिल को घसीट कर ले जाते है ।



## कस्बे में अंबेडकर जयंती पर निकलेगी शोभायात्रा कल

**मरूधर विशेष/ दिनेश लेखी**

कठूमर। कस्बे के अंबेडकर पार्क में 14 अप्रैल 2023 को भारत रत्न डॉ भीमराव अंबेडकर का 132वां जन्म महोत्सव बड़े धूमधाम से मनाया जाएगा।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कठूमर विधायक बाबूलाल बैरवा अंबेडकर पार्क पहुंचकर शोभायात्रा की झांकियों को हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे। कठूमर जाटव समाज अध्यक्ष महेश जाटव ने बताया कि कस्बे के अंबेडकर पार्क में 14 अप्रैल को बाबा साहब के जन्म दिवस पर कस्बे के अंबेडकर पार्क में सुबह 10:00 बजे से 3:00 बजे तक माल्यार्पण कार्यक्रम रहेगा तथा वही 3:30 कस्बे के मुख्य मार्गो में से होते हुए बाबा साहेब की शोभायात्रा निकाली जाएगी शोभायात्रा के सर समाजों के लोग मौजूद रहेंगे



## उत्तर प्रदेश केंद्रीय मंत्री व सांसद स्मृति ईरानी का अमेठी 02 दिवसीय दौरा कल 13 अप्रैल से

**मरुधर विशेष/संवाददाता शिवकुमार मौर्य**



कल 13 अप्रैल की शाम 3:45 बजे शाहगढ़ ब्लॉक के हरिहरपुर गांव पहुंचेगी,04 बजे एक निजी विद्यालय के वार्षिकोत्सव समारोह में होंगी शामिल,अपने नवनिर्मित आवास के भोज कार्यक्रम में भी होंगी सम्मिलित।दौरे के दूसरे दिन 14 अप्रैल को कार्यकताओं व जिला कार्यकारिणी के साथ करेंगी बैठक।

## मेले में कुश्ती दंगल के आयोजन से खिलाड़ियों का बढ़ता है मनोबल झ्र कृष्ण गोपाल कौशिक

**मरुधर हिन्द/रमाकान्त शर्मा**

बानसूर - उपखंड के गांव सांथलपुर में श्री मंगलदासजी व शीतलदासजी के मंदिर में वार्षिकोत्सव का आयोजन हुआ जिसमें सांथलपुर सहित आसपास के ग्रामीणों ने मेले एवं कुश्ती का आनंद लिया। मेले में मुख्य अतिथि राजस्थान भवन एवं अन्य संनिर्माण श्रमिक कल्याण बोर्ड राजस्थान सरकार के सदस्य कृष्ण गोपाल कौशिक रहे। जिन्होंने कामड़े की कुश्ती का शुभारंभ दोनों पहलवानों के हाथ मिलाते हुए किया। जिन्होंने उपस्थित समस्त ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि इस प्रकार के आयोजन से प्रेम और भाईचारे के साथ साथ हमारी संस्कृति का प्रसार होता है तथा नई पीढ़ी में परंपराओं का संचार होता है। विकाश पहलवान टोडीया का बास ?की कामडे की कुश्ती के विजेता रहे।मेले में सांथलपुर सरपंच अमरसिंह ठेकेदार, मेला कमेटी के अध्यक्ष महावीर सिंह, अशोक पंच, युवा नेता सुभाष शर्मा, लीलाराम योगी सहित मेला कमेटी के अन्य पदाधिकारी एवं आस पास के दर्जनभर गांवों के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।






Marudharhind24 news Private Limited के लिए महारानी प्रिन्टर्स 17 वैष्णोदेवी नगर कालवाड़ रोड़ जयपुर से मुद्रित, एवं जीवन सिंह पुरा शामदा अलवर से प्रकाशित। मो.99281-68697, 7014373732, 90797 24256